जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरूवार 18 जुलाई, 2024

MARUTI SUZUKI ARENA

TIME TO LEVEL UP

INTRODUCING

URBANO

EDITION

STARTING AT

₹ 8 49 000*

HOT AND TECHY

BREZZA

THE CITY-BRED SUV



Multimedia Pioneer (17.6 cm) Full HD



Rear Skid Plate



Front Skid Plate



Fog Lamp Garnish



Body Side Moulding



Wheel Arch Kit

BREZZA

E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP.

MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 0141-4072222, 9549651818. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 0141-6765318, 8302290000. CHOMU – 8000206482. PREM MOTORS PVT. LTD.: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. SANGA AUTONATION: TONK ROAD: 9057809150, 7734901000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471. MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. CHOMU: 7412068453. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029/8058799005 /8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. FORTUNE CARS: KARAULI: 8875001175/8875005132. HINDAUN: 9214794314/8875007758. SANGA AUTONATION: TONK ROAD: 9057809150, 7734901000. SAPOTRA: 8875007757. AURIC MOTORS: JHUNJHUNU: 8955664400. NAWALGARH: 8875010548. MANDAWA: 8696543579. BISSU: 7230081692. MALSISAR: 8875010557. GUDHA: 8875009037. UDAIPURWATI: 8696543577. CHIRAWA: 8875009031/32, 8875010550. SINGHANA: 8875009033, 7230081678. PILANI: 8875009034. SUJANGARH: 8875009043. SARDARSHAHAR: 8875911524, 7230081674. RATANGARH: 8875010549, 8875012686, 7230003526. TARANAGAR: 7230016987. RAJGARH: 8875009049/7230016275. BIDASAR: 8875012682. JAMU AUTOMOBILES: SIKAR: (01572) 245515/246219. NEEM KA THANA: 9785644715. FATEHPUR: 01571-231007/9694086541. SRIMADHOPUR: 9694086547. RAMGARH, TEHSIL DANTARAMGARH: 9694086548. TRS: CHURU: 8882899302. DUDI AUTOMOBILES: BIKANER: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. LUNKARANSAR: CALL: 7412075129. SRI KOLAYAT: CALL: 7412075129. AURIC MOTORS: BIKANER: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. NOKHA: 01531-222224, 8875010555. HANUMANGARH: 01552-223485, 9636045222. SANGARIA: 8003098518. RAWATSAR: 8875911529. SURATGARH: 01509-224228, 9636045444. NOHAR: 01555-220485, 8094003519. SRI GANGA NAGAR: 0154-2466225, 9636045333. VIJAINAGAR: 8094003518. SRI DUNGARGARH: 8003098509. RAISINGH NAGAR: 8003098519. ANOOPGARH: 8094003505. BHADRA: 8003098515.

*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Offer valid for select models/ variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard fitment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.

विचार बिन्दु

उदार व्यक्ति दे-देकर अमीर बनता है, लोभी जोड़-जोड़ कर गरीब होता है।
–जर्मन कहावत

कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबोया

भजन लाल सरकार लाएगी आम नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान। राजस्थान की भजन लाल सरकार ने अपने पहले सालाना बजट में राज्य को अग्रिम पंक्ति का राज्य बनाने के लिए नीतिगत सुधारों की पहल की है और आम नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए समर्पित भाव से प्रयास किए हैं। राजस्थान के वर्ष 2024-25 के सालाना बजट में राज्य के युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और अन्य सभी वर्गों को कुछ न कुछ देने का प्रयास कर राहत का पिटारा खोल दिया है। विपक्ष की ओर से बजट को लेकर उठाए गए सवालों पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बतौर वित्त मंत्री के तौर पर रिप्लाई दिया। दीया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबो कर घी पीने का काम किया। प्रदेश की जनता कोरोना से जूझ रही थी और सरकार पांच सितारा होटलों में बंद थी। दीया कुमारी ने दावा किया बजट में की गई घोषणा इसी साल में पूरी होगी। जनता की गाढ़ी कमाई का उपयोग पांच सितारा होटल में खर्च में किया जा रहा था। कांग्रेस सरकार में न कोई सुनने वाला था न मानने वाला था। कांग्रेस सरकार में रेवड़िया कल्चर इस कदर चला कि प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया। कांग्रेस कर्ज लेकर घी पीती रही। कांग्रेस सरकार को बचाने की मजबूरी थी। उस सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम के बीच संवादहीनता थी, जिसके चलते डिप्टी सीएम को मंत्रिमंडल छोड़ना पड़ा। सदन में बजट पर जवाब दे रहीं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि इस अभूतपूर्व बजट का जनता ने खुले दिल से स्वागत किया है। विपक्ष के सदस्यों का भी धन्यवाद, जिन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बजट की प्रशंसा की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर तंज कस्ते हुए उन्होंने कहा कि ये सुझाव अपनी सरकार को दिए होते तो ज्यादा अच्छा रहता।

बजट धरातल पर कैसे आएगा विपक्ष के सदस्यों ने चिंता जाहिर की, लेकिन आपने सही कहा आपकी सरकार में धरातल पर नहीं आया बजट। आपकी सरकार में वित्तीय प्रबंधन नहीं था, इसलिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बिगाड़ दिया। जल जीवन मिशन जैसी योजना को कांग्रेस सरकार ने धरातल पर नहीं उतरने दिया और सदन में पानी की बात करते हैं। हमारी सरकार ने अल्प कालीन समय में पानी को लेकर कई बड़े कीर्तिमान पूरे कर दिए हैं।

उप मुख्य मंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि ये बजट 2047 के विकसित राजस्थान का बजट है, योजनाओं का लाभ इसी वर्ष में मिलेगा। राजकोषीय घाटे को लेकर दीया कुमारी ने कहा कि 2017-18 में बीजेपी सरकार 3.04 प्रतिशत राजकोषीय घाटा छोड़कर गई थी, लेकिन पिछली सरकार अनियंत्रित तरीके से घाटा 4.26 प्रतिशत तक ले गई। इसे कम करके हम वित्तीय वर्ष में 3.93 प्रतिशत तक लाने का प्रयास कर रहे हैं। स्वतंत्र विश्लेषकों ने माना है कि आज के हालात में इससे अच्छा बजट दूसरा नहीं हो सकता। भाजपा ने सबका साथ सबका विकास का अपना सपना इस बजट में पूरा करने का प्रयास किया है। विधानसभा में 4.90 लाख करोड़ रुपये के बजट के जरिए प्रदेश सरकार ने हर वर्ग को कुछ न कुछ सहूलियत देने की कोशिश की। फिर चाहे सीएनजी-पीएनजी के दाम घटाने की बात हो या स्टाम्प ड्यूटी में छूट का ऐलान, या फिर युवाओं को 10 लाख नौकरी देने का वादा, ऐसे कई वादे किए गए जो मिडिल क्लास के लिए राहत पहुंचाने वाले थे। बजट में समाज के हर तबके खासतौर पर निर्धन, असहाय और पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाकर ही हम अपने प्रदेश को गरीबी और बेरोजगारी के अभिशाप से मुक्त कर सकते है।

बजट में विकास, महिलाओं और पर्यटन पर खास ध्यान दिया गया है। नई परियोजनाओं, सड़कों के उन्नयन, पर्यटन स्थलों के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की गई हैं। बजट में सबसे महत्वपूर्ण घोषणा 30 पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित करने की है। जयपुर में एक भव्य 'राजस्थान मंडपम' का निर्माण किया जाएगा। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 20 करोड़ रुपये की लागत से पुराने बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा और एक नई पर्यटन नीति लागू की जाएगी। इसके अलावा, 'राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड' का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने अपने पहले ही बजट घोषणा में ग्रामीण पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने का देश में पहली बार और अब तक का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेला है। पंचायतीराज व्यवस्था की नींव रखने वाले राजस्थान से ही अब पंचायतीराज विभाग में वन स्टेट वन इलेक्शन की परिकल्पना को साकार करने की कवायद शुरु हो गई है।

दीया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबो कर घी पीने का काम किया। प्रदेश की जनता कोरोना से जूझ रही थी और सरकार पांच सितारा होटलों में बंद थी। दीया कुमारी ने दावा किया बजट में की गई घोषणा इसी साल में पूरी होगी। जनता की गाढ़ी कमाई का उपयोग पांच सितारा होटल में खर्च में किया जा रहा था।

राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने 9 नए एक्सप्रेसवे के निर्माण के साथ 2750 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण की योजना बनाई है। इस परियोजना के लिए 60,000 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट आवंटित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य राज्य की कनेक्टिविटी और परिवहन व्यवस्था को बढ़ाना है। सरकार ने 25 लाख घरों को नल कनेक्शन प्रदान करके पेयजल सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। इसके अतिरिक्त, 32 जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए 127 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे पानी की कमी की चुनौतियों का समाधान होगा और राज्य के नागरिकों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा और एक नई पर्यटन नीति लागू की जाएगी। इसके अलावा, 'राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड' का गठन किया जाएगा। बजट में राज्य के परिवहन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उपाय भी शामिल हैं। राजस्थान रोडवेज अपने बेड़े में 500 नई बसें जोड़ेगा, जिससे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में सुधार होगा और यात्रियों के लिए अधिक कुशल और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, राज्य ने 300 इलेक्ट्रॉनिक बसों की खरीद की घोषणा की है, जो एक स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली की दिशा में एक कदम है।

बजट में 5 साल में 4 लाख नौकरियां पैदा करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अकेले इस साल 1 लाख नौकरियों का वादा किया गया है। बजट में युवाओं के लिए कई पहलें भी शामिल हैं, जिनमें 'अटल उद्यम योजना' भी शामिल है, जो युवा उद्यिमयों को 10 करोड़ रुपये तक की फंडिंग प्रदान करेगी। राज्य में 20 नए आईटीआई स्थापित करने, 'युवा नीति- 2024' शुरू करने और 'बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम' शुरू करने की योजना है। शिक्षा के क्षेत्र में बजट में 50 नए प्राथमिक विद्यालय खोलने और आवासीय विद्यालयों के लिए मेस भत्ता बढ़ाकर 3,000 रुपये करने का प्रस्ताव है। छात्रों को नए इंटर्नशिप कार्यक्रमों से भी लाभ होगा। खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार 'खेल नीति 2024' लागू करेगी और 'एक जिला एक खेल नीति' लागू करेगी। स्कूली छात्रों को मुफ्त टैबलेट प्रदान किए जाएंगे, 10 जिलों में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किए जाएंगे और 'महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय' की स्थापना की जाएगी।

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए बजट में 27,660 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। 'राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन' की शुरुआत की जाएगी और ई-हेल्थ रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अस्पताल ले जाने वालों को 10,000 रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बजट का उद्देश्य 15 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाना है। आंगनवाड़ी केंद्रों को गैस कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को 300 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया जाएगा, और 1,000 नए आंगनवाड़ी केंद्र खोले जाएंगे। बजट में पेंशनभोगियों के लिए पेंशन में वृद्धि और सरकारी कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि जैसे सामाजिक कल्याण उपाय भी शामिल हैं।

यह बजट दर्शाता है कि सरकार लोक कल्याण की भावना के साथ काम कर आम आदमी की बहबूदी में जोर शोर से जुट गई है। बजट में गावँ गरीब और किसान को अनेक सहूलियतें दी गई है। भजन लाल सरकार ने हर सेक्टर को छूने का प्रयास किया है विशेषकर ग्रामीण और कृषि विकास तथा रोजगार के सेक्टर पर इस बार ध्यान देने का प्रयास किया गया है। बजट का फोकस किसान और गांव पर था। वित्त मंत्री ने कहा सरकार हर तबके का ध्यान रखेगी।

कांग्रेस के 5 साल के कुशासन ने प्रदेश को विकास की पटरी से उतार दिया। गत सरकार के समय कर्ज बेहताशा बढ़ा। यह बजट दर्शाता है कि सरकार लोक कल्याण की भावना के साथ काम कर आम आदमी की बहबूदी में जोर शोर से जुट गई है। बजट में गावँ गरीब और किसान को अनेक सहूलियतें दी गई है। भजन लाल सरकार ने हर सेक्टर को छूने का प्रयास किया है विशेषकर ग्रामीण और कृषि विकास तथा रोजगार के सेक्टर पर इस बार ध्यान देने का प्रयास किया गया है। बजट का फोकस किसान और गांव पर था। उप मुख्य मंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा सरकार हर तबके का ध्यान रखेगी। कांग्रेस के 5 साल के कुशासन ने प्रदेश को विकास की पटरी से उतार दिया। गत सरकार के समय कर्ज बेहताशा बढ़ा। बजट में युवाओं के लिए 70 हजार नई भर्तियों की घोषणा की गई है। वहीं, बुजुर्ग और महिलाओं की पेंशन में 150 रुपए की वृद्धि की गई है। वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज किराए में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

–अतिथि संपादक,
बाल मुकुन्द ओझा
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

खाद्य मिलावट के जहर से स्वास्थ्य पर कहर



अविनाश जोशी

खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर मुद्दा है जो पीढ़ियों से हमारे भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है। अब समय आ गया है कि इस प्रथा को समाप्त किया जाए और मांग की जाए कि हमारा भोजन हानिकारक प्रदार्थो से मुक्त हो। पिछले एक दशक में, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबन्धित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे हो सकते हैं। अनेक स्वार्थी उत्पादक एवं व्यापारी कम समय में अधिक लाभ कमाने के लिए खाद्य सामाग्री में अनेक सस्ते अवयवों की मिलावट करते हैं, जो हमारे शरीर पर दुष्प्रभाव डालते हैं। नए रोगों के चलते डाक्टरों के यहां लगी रोगियों की लंबी कतारें काफी हद तक मिलावटी खाद्य पदार्थों का ही नतीजा हैं। सबसे विकट स्थिति उपभोक्ता के सामने होती है, जो ज्यादातर मामलों में असली सामान की पहचान करने की सलाहियत नहीं रखते।

हम सब अपने खाने-पीने को लेकर इतने सजग होते हैं कि भोजन में जरा भी गड़बड़ होने पर उसे छोड़ देना बेहतर समझते हैं। मगर इस बात का पता शायद ही हमें कभी चल पाता है कि बाजार में जितने भी खाद्य पदार्थ मिल रहे हैं, उनमें कितने मिलावटी हैं और वे हमारे शरीर को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। मगर इस बीच आम लोगों के बीच मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर थोड़ी जागरूकता बढ़ी है। भारत सरकार ने खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम सहित कई कानून बनाकर इस मुद्दे की गंभीरता को स्वीकार किया है। हालाँकि, खाद्य अपमिश्रण की प्रकृति हर राज्य में अलग-अलग होती है, और बदलते पर्यावरणीय कारकों या बेहतर उत्पादन और खेती के तरीकों के परिणामस्वरूप नए मिलावटखोर पैदा हो सकते हैं। सामान्यत: बाजार में उपलब्ध खाद्य पदार्थों में मिलावट का संशय बना रहता है। दालें, अनाज, दूध, मसाले, घी से लेकर सब्जी व फल तक कोई भी खाद्य पदार्थ मिलावट से अछूता नहीं है। आज मिलावट का सबसे अधिक कुप्रभाव हमारी रोजमर्रा के जीवन में प्रयोग होने वाली जरूरत की वस्तुओं पर ही पड़ रहा है। शरीर के पोषण के लिए हमें खाद्य पदार्थों की प्रतिदिन आवश्यकता होती है। शरीर को स्वस्थ रखने हेतु प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन तथा खनिज लवण आदि की पर्याप्त मात्रा को आहार में शामिल करना आवश्यक है तथा ये सभी पोषक तत्व संतुलित आहार से ही प्राप्त किये जा सकते हैं। यह तभी संभव है, जब बाजार में मिलने वाली खाद्य सामग्री, दालें, अनाज, दुग्ध उत्पाद, मसाले, तेल इत्यादि मिलावटरहित हों। खाद्य अपमिश्रण से उत्पाद की गुणवत्ता काफी कम हो जाती है। खाद्य पदार्थों में सस्ते रंग इत्यादि की मिलावट करने से उत्पाद तो आकर्षक दिखने लगता है, परंतु पोषकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

अब से तीन दशक पहले सुनने को मिलता था कि दूध सिंथेटिक हो सकता है। मगर काफी समय से यह यूरिया, अन्य रसायनों आदि के प्रस्ताव के बाद और जाने क्या क्या मिलाकर तैयार किया जा रहा है। पनीर, केमिकल और पानी से और मावा मिल्क पाउडर से तैयार किया जा रहा है। हल्दी, लाल मिर्च, धनिया हींग, जीरा, काली मिर्च, सरसों का तेल, रिफाइंड तेल इसके अलावा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की खबरें आम हो गई हैं, मगर इस पर नजर रखने वाले महकमे शायद तब तक नींद में रहते हैं, जब तक कोई बड़ी घटना सामने नहीं आ जाते है या फिर उसके बारे में लोगों को पता नहीं चल जाता।

मुश्किल यह है कि अगर कभी जांच-पड़ताल होती है और जिन दुकानदारों के खाद्य पदार्थों के नमूने फेल होते हैं, उनके मामले निचले स्तर के अधिकारियों या अदालतों में जाते हैं, जहां मामूली प्रक्रिया अपनाने के बाद उन्हें और बख्श दिया जाता है। जबकि केवल नकली मावे को ही देखें तो देश के कुछ इलाकों में यह कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। ऐसे कारोबारियों से केवल जुर्माना लेकर छोड़ देने से अब स्थिति संभलने वाली नहीं है। दरअसल, कड़ी कार्रवाई की जरूरत इसलिए भी है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ को खाने की वजह से किसी व्यक्ति की सेहत खराब हो जा सकती है, बल्कि स्थिति बिगड़ने से मौत भी हो सकती है। इसलिए अगर मिलावटखोरों के खिलाफ हत्या के प्रयास से संबंधित कानूनी धारा का इस्तेमाल करने की मांग की जाती है तो इसमें कोई हैरानी बात नहीं है।

सामान्य रूप से किसी खाद्य पदार्थ में कोई बाहरी तत्व मिला दिया जाए या उसमें से कोई मूल्यवान पोषक तत्व निकाल लिया जाए या भोज्य पदार्थ को अनुचित ढंग से संठाहीत किया जाए तो उसकी गुणवत्ता में कमी आ जाती है। इसलिए उस खाद्य सामग्री या भोज्य पदार्थ को मिलावटयुक्त कहा जाएगा।

भारत सरकार द्वारा खाद्य सामग्री की मिलावट की रोकथाम तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध आहार उपलब्ध कराने के लिए सन् 1954 में खाद्य अपमिश्रण अधिनियम (पीएफए एक्ट 1954) लागू किया गया। उपभोक्ताओं के लिए शुद्ध खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की जिम्मेदारी है। इसको ध्यान में रखते हुए उपरोक्त खाद्य अपमिश्रण रोकथाम अधिनियम बनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य जहरीले एवं हानिकारक खाद्य पदार्थों से जनता की रक्षा करना, घटिया खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम एवम धोखाधड़ी प्रथा को नष्ट करके उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना। जब से कुछ लोगों ने इस पर गौर करना शुरू किया है, तब से कई हकीकतें उजागर होने लगी हैं। मिलावटखोरों ने ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं कि सही माल बेचने वाले दुकानदारों को भी लोग अब शक की नजर से देखने लगे हैं। हालांकि मिलावटखोर केवल खाद्य पदार्थों में ही नहीं, अन्य सामानों की ओर भी अपने पैर फैला चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि जब कभी कोई मामला सामने आता है, उसके बावजूद सरकार इस काम में लगे लोगों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाती। जबकि जरूरत सख्त कार्रवाई करने की है। यों हमारे आसपास हर रोज दुकानदार से लेकर किसी खाद्य पदार्थ का कारोबार करने वाले लोगों को मिलावटी सामान बेचने में जरा भी हिचक नहीं होती कि इसका इस्तेमाल करने वाले लोगों की सेहत पर इसका क्या असर पड़ेगा! मसलन, रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाले दूध की गुणवत्ता को लेकर अक्सर खबरें आती रहती हैं कि इसके सेवन से घातक रोग हो सकते हैं।

अव्वल तो इसे लेकर प्रशासन गंभीर नहीं होता और जब कभी संबंधित महकमों के लोग मिलावट की गतिविधियों में लगे लोगों को पकड़ते हैं, तब भी कोई बड़ी और याद रखने वाली कार्रवाई नहीं होती। फिर कुछ दिनों बाद ऐसा धंधा करने वाले कारोबारी बेफिक्र अपना कारोबार चलाते रहते हैं। किसी पर्व-त्योहार के मौके पर बाजार में खुले तौर पर मिलावटी सामान बिकते रहते हैं, मगर कोई ऐसा तंत्र नहीं दिखता जो इन पर लगाम लगा सके। कभी शिकायत होने पर या औचक निरीक्षण में ऐसे लोग पकड़े भी जाते हैं तो कार्रवाई किसी ठोस अंजाम तक नहीं पहुंचता, ताकि अन्य लोग मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचें। एक ओर खाद्य पदार्थों में मिलावट कई बार सेहत पर गहरा जोखिम पैदा करता है, दूसरी ओर खाद से लेकर आम उपयोग के ज्यादातर सामानों के नकली संस्करण बाजार में मौजूद होते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नवजात शिशु दूध भी शुद्ध पी रहा है, इसकी कोई गारंटी नहीं है। व्यापारी वर्ग की भी जिम्मेदारी है कि वे उपभोक्ताओं के जीवन का खयाल रखने के लिए शुद्ध सामग्री की बिक्री करें। मिलावटखोरों के खिलाफ अगर खुद कारोबारियों की ओर से ही आवाज उठेगी, तब लोगों का भरोसा भी बाजार पर बढ़ेगा। अगर कारोबार-जगत से इस मसले पर सहयोग मिलता है और वे मिलावट के विरुद्ध ठोस जमीन तैयार करा पाते हैं, तो यह एक अच्छी बात होगी।

–अविनाश जोशी,
स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक

आमेर के गांव कूकस में सरकारी डूंगरी पर भूमाफिया ने कब्जा किया

आमेर, (निसं)। उपखंड के ग्राम पंचायत कूकस में रैगरों की ढाणी के पास सरकारी डूंगरी को खुर्द-बुर्द करने का मामला सामने आया है। ग्राम कूकस में रैगरों की ढाणी के पास स्थित सरकारी डूंगरी पर भूमाफिया ने जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर कब्जा कर लिया। भूमाफिया ने करोड़ों रुपए की डूंगरी को खुर्द-बुर्द कर समतल बना दिया तथा 6 से 8 फीट ऊंचाई की दीवार बनाकर कब्जा कर लिया। कब्जा लगभग एक-डेढ़ साल पहले से है। प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

इस संबंध में वर्तमान सरपंच राधेश्याम मीणा का कहना है कि मुझे मामले की कोई जानकारी नहीं है अगर कोई कब्जा कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं भूतपूर्व सरपंच गोपाल शर्मा ग्राम पंचायत कूकस का कहना है कि यह डूंगरी जयपुर विकास प्राधिकरण के नाम है अगर इसमें कोई अवैध कब्जा कर रहा है तो वह गलत है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।



आमेर के ग्राम पंचायत कूकस में रैगरों की ढाणी के पास सरकारी डूंगरी पर भूमाफिया ने जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर कब्जा कर लिया।

- **कब्जा लगभग एक-डेढ़ साल पहले से है प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है**
- **करोड़ों रुपए की डूंगरी को समतल बना दिया तथा 6 से 8 फीट ऊंचाई की दीवार बना दी**

वहीं कमलेश मीणा, पटवारी जयपुर विकास प्राधिकरण जोन 13 का कहना है कि मेरे पास तीन-चार तहसील आती है। संबंधित ग्राम पंचायत के पटवारी ही हमें जेडीए भूमि पर अवैध कब्जा जैसे निर्माण के बारे में कागजी कार्यवाही के द्वारा अवगत करवाते हैं तब हम लोग कानूनी कार्रवाई कर अवैध निर्माण कब्जे को रोकते हैं।

इसी प्रकार रामफूल गुर्जर, पटवारी ग्राम पंचायत कूकस का कहना है कि यह डूंगरी जेडीए के नाम है। इसमें हमारा कोई लेना-देना नहीं है। अगर इस पर कब्जा हो रहा है तो संबंधित जोन के पटवारी और गिरदावर ही कार्रवाई कर सकते हैं। बात कानून कायदे की है तो कहां लिखा हुआ है कि मैं जेडीए को लिखित में बताऊं।

नकली घी के संदेह पर खाद्य सुरक्षा दल ने 2200 लीटर घी जब्त किया

पाली, (निसं)। 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान' अभियान के तहत चिकित्सा विभाग ने बुधवार को जिले के सुमेरपुर में दो स्थानों पर कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने नकली घी के संदेह पर कुल 2200 लीटर घी जब्त कर सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया गया।

आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान' के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को सुमेरपुर में पाली सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने सुमेरपुर कस्बे में कन्हैया ट्रेडर्स पर नकली घी के संदेह पर 1630 लीटर तथा मधुर ट्रेडर्स पर नकली घी के संदेह पर 570 लीटर घी श्री मूल ब्रांड देसी घी के नाम से बेच रहे घी को जब्त कर सैंपल लेकर नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए। बुधवार को की गई कारवाई में पाली सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल, सुमेरपुर बीसीएमओ डॉ. गोविन्द सिंह चुंडावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह इंदा, सुमेरपुर बीपीएम प्रमोद गिरी, सवाई सिंह, लक्ष्मण दान चारण भी साथ रहे। गौरतलब है कि आमजन को शुद्ध आहार मिले, इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थ के सैंपल ले रहे हैं। साथ ही आमजन को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। पाली सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने जिले के व्यापारियों से अपील की कि वे सरकार के नियमों का पालन कर अपना व्यापार करें। उन्होंने बताया कि प्राय: देखने में आया है कि बहुत से फूड वेंडर फूड लाइसेंस के स्थान पर फूड रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। जो कि नियम विरुद्ध है। उल्लेखनीय है कि जिन खाद्य विक्रेताओं का वार्षिक बिक्री 12 लाख से अधिक है उन विक्रेताओं का खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य है तथा 12 लाख से कम बिक्री वाले खाद्य विक्रेताओं को फूड रजिस्ट्रेशन जारी किया जाता है। ऐसे विक्रेता जिन्होंने फूड लाइसेंस के स्थान पर फूड रजिस्ट्रेशन ले रखा है।



'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान' अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की टीम ने पाली के सुमेरपुर में दो स्थानों पर कार्रवाई की।

राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

गुरूवार 18 जुलाई, 2024

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, द्वादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 3:13 तक, शुक्ल योग प्रात: 6:13 तक, बव करण प्रात: 8:54 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:25 से धनु राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-वृष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

रवियोग आज रात्रि 3:25 से आरम्भ होगा। आज हरिभावशरा भाव है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: शुभ सूर्योदय से 7:29 तक, चर 10:51 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 12:33 से 3:55 तक, शुभ 5:36 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:48, सूर्यास्त 7:18



मेष

अपनी योजना को सीमित रखें। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण संयम रखना ठीक रहेगा।



वृष

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। चलते कार्यों का विस्तार हो सकता है। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



मिथुन

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।



कर्क

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



सिंह

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।



कन्या

आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



तुला

आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



वृश्चिक

परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



धनु

व्यावसायिक आर्थिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।



मकर

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



कुंभ

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



मीन

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 347 प्रभात जयपुर, गुरुवार 18 जुलाई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



Did He Or Did He Not Fly

A film based on life of Talpade, *Hawaizaada*, starring Ayushmann Khurrana, was released on 30 January 2015. The government of Uttar Pradesh exempted the film from taxes in that state.

The World's Toughest Races

MELODIOUS *GURBANI* MORNING



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव विधायक सचिन पायलट राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के लिये जयपुर में हैं। उनके निवास पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की तथा अपने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी दी। सचिन पायलट ने कार्यकर्ताओं की बात ध्यान से सुनी तथा आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देश दिये।

गहलोत सरकार के फोन टैपिंग व अन्य ''स्कैम्स'' की सी.बी.आई. जाँच क्यों नहीं हो रही?

क्या पूर्व की भाँति गहलोत का, दो मु. मंत्रियों, वसुंधरा राजे व गहलोत, के बीच ''कोज़ी रिलेशनशिप'' (मैत्री पूर्व व्यवस्था) बिठाने का सपना पूरा होगा?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 जुलाई। राजस्थान की भजनलाल सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में विवादास्पद फोन टैपिंग कांड की सी.बी.आई. जांच के आदेश क्यों नहीं दिए हैं ?

मुख्यमंत्री भजनलाल अशोक गहलोत से मिलने गए थे, जो अपने घर में हॉस्पिटल बैड पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। इस मुलाकात ने कई प्रश्नों को जन्म दिया है, जैसे कि क्या गहलोत ने वर्तमान मुख्यमंत्री को अपनी मीठी बातों से फुसला लिया है कि वे इस कांड पर या उनके मुख्यमंत्री काल में हुए कई अन्य घोटालों पर कोई जांच अथवा कार्यवाही शुरू ना करें।

राजस्थान में फोन टैपिंग का मुद्दा बार-बार उठता रहा है। कांग्रेस के सीनियर नेता हरीश चौधरी ने इस मुद्दे को एक बार फिर से उठाते हुए इसे अवैध और अनैतिक बताया है।

- कांग्रेस नेता हरिश चौधरी ने फोन टैपिंग का मामला पुनः पुरजोर ढंग से विधानसभा में उठाया तथा पूर्व मु.मंत्री गहलोत के तत्कालीन ओ.एस.डी. ने भी पूर्व मु.मंत्री गहलोत पर खुला आरोप लगाया है कि गहलोत ने फोन टैपिंग की अधिकृत इज़ाजत दी थी।
- इस संदर्भ में लोकेश शर्मा ने एक रिकॉर्डिंग भी सार्वजनिक की, जिसके अनुसार गहलोत यह बात स्वीकार करते सुने जा सकते हैं।
- गहलोत ने इस बारे में यह कथानक प्रस्तुत किया था कि उनकी सरकार को गिराने के लिये साजिश रची गई थी, कांग्रेस के ही कुछ नेताओं द्वारा, भाजपा के सहयोग से।
- असल में बगावत गहलोत ने की थी, हाईकमान के खिलाफ, हाईकमान द्वारा भेजे गये ''ऑब्ज़र्वर्स'' द्वारा आहूत अधिकृत विधायक दल की बैठक का सुनियोजित ढंग से बायकाट कराकर।

उनका निशाना स्पष्ट रूप से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं, जिनका नाम लेते हुए पूर्व ओ.एस.डी. लोकेश शर्मा ने कहा था कि उन्होंने ही फोन टैपिंग के आदेश दिए थे। लोकेश शर्मा ने एक रिकॉर्डिंग भी जारी की थी, जिसमें अशोक गहलोत स्वयं को जिम्मेवार बता रहे थे। गहलोत ने इस मुद्दे को यह कहकर अलग मोड़ दिया था कि उनकी सरकार खतरे में थी तथा कांग्रेस के ही कुछ लोग भाजपा के सम्पर्क में रहकर उनकी सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र रच रहे थे।

उनका निशाना कोई और नहीं बल्कि सचिन पायलट थे। पूर्व मुख्यमंत्री का पूरा कार्यकाल पायलट को अपशब्द कहने अथवा उन्हें सत्ता और सत्ता की संरचना से दूर करने में लगा था। जब सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस विधायक दल की एक मीटिंग बुलाई गई तब अशोक गहलोत ने इस मीटिंग को किसी भी हाल में नहीं होने देने के लिए पार्टी हाईकमान के खिलाफ बगावत शुरू कर दी थी।

स्मरण रहे कि गहलोत और वसुन्धरा राजे सिन्धिया के बीच बहुत

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

दूसरे ही दिन कर्नाटक सरकार को थूक कर चाटना पड़ा

नैसकॉम व चैम्बर ऑफ कॉमर्स व इण्डस्ट्री ने भारी आपत्ति जताई, सरकार की नई रोजगार नीति पर

- सरकार को अन्त में कहना पड़ा, नई रोजगार नीति को अभी लागू नहीं किया जायेगा और लागू करने से पहले नैसकॉम आदि औद्योगिक संगठनों से पूर्णतया सलाह मशविरा व मंथन किया जायेगा।
- नैसकॉम का तर्क था कि अगर सरकार की नई रोजगार नीति लागू की गई और रोजगार लगभग स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित किये, तो आई.टी. उद्योग व इससे जुड़े स्टार्टअप्स का बैंगलोर से पलायन हो जायेगा और इस झटके से उबर पाना बहुत मुश्किल होगा।

- लक्ष्मण वैंकट कुची -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 जुलाई। उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी संगठन, जो कर्नाटक में उद्योगों व व्यापारों के मालिक हैं तथा इनका संचालन करते हैं, राज्य सरकार के उन निर्देशों के खिलाफ मजबूती से उतर आए हैं, जिनमें स्थानीय लोगों को नौकरी देना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे सरकार रक्षात्मक मुद्रा में आने को बाध्य हो गई है। राज्य से बिज़नैस बाहर जाने की धमकी से परेशान होकर सरकार ने बुधवार को वादा किया कि व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ विचार-विमर्श होने तक नई रोजगार नीति का क्रियान्वयन रोक दिया जायेगा।

अग्रणी आई.टी. बॉडी, नैसकॉम तथा कर्नाटक चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रियाएं सामने आई, जिनमें उस प्रस्तावित कानून के कड़े विरोध का संकल्प लिया गया, जिसमें कर्नाटक के प्रतिष्ठानों एवं फैक्ट्रियों में स्थानीय लोगों की नियुक्ति अनिवार्य कर दी गई है। इसके बाद सरकार ने कहा कि वह व्यापारिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं संगठनों के साथ विचार-विमर्श किये बिना, प्रस्तावित कानूनों को लागू नहीं करेगी।

नैसकॉम ने कहा कि वह प्रस्तावित, कर्नाटक स्टेट एम्प्लॉयमेन्ट ऑफ लोकल इन्डस्ट्रीज एक्ट बिल, 2024 से बहुत निराश है। उसने आगे कहा कि अगर यह कानून लागू किया जायेगा, तो अनेक कम्पनियाँ राज्य से बाहर जाने के लिये बाध्य हो जायेंगी क्योंकि प्रतिभाएं मिलना मुश्किल हो जाएगा।

अगर राज्य में कर्मचारियों को नियुक्ति देने के प्रतिबंध लागू होते हैं तो आई.टी. क्षेत्र, जिसका राज्य की जी.डी.पी. में 25 प्रतिशत योगदान है, तथा जो देश के 25 प्रतिशत डिजिटल टेलेन्ट, 11000 स्टार्टअप तथा कुल जी.सी.सी. के 30 प्रतिशत हिस्से का केन्द्र है, बुरी तरह प्रभावित होगा।

नैसकॉम ने कहा, ''आज के जबरदस्त प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में, ज्ञान-विज्ञान की प्रमुख भूमिका वाले व्यवसाय वहाँ जाएंगे, जहाँ प्रतिभा है, क्योंकि सफलता के लिए कुशल कर्मचारियों को आकर्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है। आज सारी दुनिया में कुशल प्रतिभाओं (स्किल्ड टेलेन्ट) की जबरदस्त कमी है तथा कर्नाटक, (आई.टी.) का बड़ा केन्द्र होने के बावजूद, इसका अपवाद नहीं है। प्रमुख प्रौद्योगिकी केन्द्र बनने के लिये दोहरी रणनीति आवश्यक है। सारी दुनिया की सर्वोत्तम प्रतिभाओं को आमन्त्रण तथा फॉर्मल तथा वोकेशनल चैनलों के जरिये, राज्य के अन्दर एक मजबूत टेलेन्ट पूल बनाने के लिये केन्द्रीयकृत निवेश।''

नैसकॉम ने कहा, ''इस प्रकार के कानून का आना बहुत व्याकुल तथा क्षुब्ध कर देने वाला है क्योंकि इससे केवल उद्योगों की ग्रोथ ही बाधित नहीं होंगी, बल्कि इससे नौकरियाँ तथा राज्य की वैश्विक छवि भी प्रभावित होगी। नैसकॉम के सदस्य इस विधेयक के प्रावधानों को लेकर गम्भीर रूप से चिन्तित हैं तथा सरकार से इस विधेयक को वापस लेने का आग्रह करते हैं।''

इस विधेयक के प्रावधान, विशेष रूप से ऐसे समय पर, जब बहुत सी वैश्विक कम्पनियाँ (जी.सी.सी.) राज्य में निवेश करने पर ध्यान दे रही हैं, राज्य की इस तरक्की को उलट कर रख देंगे, कम्पनियों को राज्य से बाहर जाने के लिये बाध्य कर देंगे तथा स्टार्टअप्स का गला घोंट देंगे। इसके साथ ही ये प्रतिबन्ध कम्पनियों को स्थान बदलने के लिये मजबूर कर देंगे क्योंकि स्थानीय कुशल प्रतिभाएं कम पड़ जायेंगी।

फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इन्डस्ट्री के अध्यक्ष रमेश चन्द्र लाहोटी ने भी सरकार पर प्रहार करते हुये कहा है कि वह व्यापारिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से विचार विमर्श किये बिना ही एक तरफा नीति ला रही है। लाहोटी ने कहा कि अपने वर्तमान स्वरूप में, इस नीति का असफल होना सुनिश्चित है। उन्होंने 'राष्ट्रदूत' को बताया कि यहाँ स्थापित कम्पनियों और फैक्ट्रियों को स्थानीय प्रतिभाएं मिलना बहुत मुश्किल होगा तथा वे उन पर थोपी जा रही शर्तों को पूरा नहीं कर पायेंगी। चैम्बर निश्चित रूप से सरकार से बातचीत करेगा, अपनी चिन्ताएं एवं सरोकार रखने के लिए और सरकार को इस कानून में ऐसे आवश्यक परिवर्तन एवं संशोधन करने के लिए तैयार करने के लिए, जो स्थानीय स्थानीय जनता के हित में हों।

उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार चैम्बर्स द्वारा दिये गये सुझावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया पहले ही दे चुके हैं। उन्होंने कह दिया है कि सरकार राज्य के व्यापार एवं उद्योग जगत के साथ शीघ्र ही इस बिन्दु पर बातचीत करेगी कि ऐसा कौनसा सर्वोत्तम रास्ता है, जिस पर चल कर, सरकार का स्थानीय लोगों की मदद

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

परिणाम घोषित होने के चार साल बाद भी अंकतालिका नहीं

जयपुर, 17 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने चार वर्षीय बी.एस.सी.-बी.एड. कोर्स के प्रथम वर्ष का परिणाम जारी होने के चार साल बाद भी अंकतालिका जारी नहीं करने पर आश्चर्य जताया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलसचिव, परीक्षा

- हाई कोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय से जवाब मांगा।

नियंत्रक और एक निजी कॉलेज को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश अखिलेश चौधरी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने जुलाई, 2018 में एमडीएस विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा देकर चार वर्षीय बी.एस.सी.-बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था। उसे पाठ्यक्रम में अध्ययन के लिए फागी की स्टेनी मेमोरियल कॉजेल में एडमिशन मिला। वहीं राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2019-20 में प्रथम वर्ष की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'जो हमारे साथ, हम उसके साथ'

गत लोकसभा चुनाव में मुसलमानों द्वारा तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में ''एन ब्लॉक'' वोट करने पर भाजपा ने बंगाल के लिये ''नया नारा'' दिया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 जुलाई। लोकसभा चुनावों में अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं द्वारा किए गए एक मुश्त मतदान से निराश, बंगाल में भाजपा के दिग्गज तथा विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने आज हुई भाजपा की राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग में अपना स्पष्ट मैसेज दिया कि भाजपा उन्हीं का साथ देगी, जो पार्टी का साथ देंगे।

अधिकारी ने कहा कि ''जो हमारे साथ, हम उनके साथ।'' मुस्लिम समुदाय ने लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) के पक्ष में वोट डाला और कई सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित की। टी.एम.सी. ने इस बार 29 लोकसभा सीटें जीती हैं।

अधिकारी के ये विचार भाजपा की राष्ट्र स्तरीय विचारधारा के विपरीत हैं। प्रधानमंत्री का मुख्य नारा ''सब का साथ, सब का विकास'' रहा है। राज्य में इस नारे के खिलाफ जाने का मतलब है, राज्य में पार्टी के भिन्न नारे के साथ समझौता करना।

- बंगाल में भाजपा के महारथी सुवेन्दु अधिकारी ने भाजपा की कार्यकारिणी बैठक में यह नया नारा दिया। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर प्र.मंत्री मोदी का नारा है, ''सब का साथ, सब का विकास।''
- पर, सुवेन्दु का नारा, बंगाल के संदर्भ में उचित ही लगता है।
- लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 6 सीटें खोयीं तथा उसके विजयी सांसदों की संख्या 18 से घटकर 12 पर आयी। हालांकि, भाजपा का वोट शेयर काफी बढ़ा तथा 38 प्रतिशत हो गया।
- अतः भाजपा ने अब हिन्दू वोटों पर ही फोकस करने की रणनीति बनाई है, अगले चुनाव के लिये।
- इस रणनीति में, तृणमूल कांग्रेस की कमियां, जैसे प्रदेश में उद्योग धंधों में पूंजी निवेश घटने पर भाजपा फोकस नहीं कर पा रही। नये उद्योग नहीं लगने से राज्य में बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है और तृणमूल छोटी-मोटी रेवड़ियाँ बांटकर, सस्ती लोकप्रियता ही प्राप्त कर रही है।

एक तरह से, पश्चिम बंगाल के लिए इस प्रकार का रूख उपयुक्त है। यहां मुस्लिम समुदाय का एक वर्ग वास्तव में भाजपा के साथ सम्बद्ध रहता आया है। तथापि, भाजपा के प्रति संवेदना रखने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

योगी और केशव प्रसाद मौर्य में मतभेद गहराये

नयी दिल्ली, 17 जुलाई। लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में भाजपा का उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं होने के कारण चल रहे पार्टी में मंथन एवं समीक्षाओं के बीच पूर्व उप

- जे.पी. नड्डा ने केशव प्रसाद मौर्य से दो बार बातचीत की लेकिन विवाद शांत ना होता देख प्र.मंत्री मोदी और अमित शाह को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा है।

मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच मतभेद की खबरें जोरों पर हैं। इस बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। भाजपा में संगठन एवं

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

भाजपा हाईकमान, यू.पी. की इकाई में भारी परिवर्तन व उथल-पुथल की तैयारी में?

यू.पी. के कई बड़े नेता इस संदर्भ में दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व से मिले हैं, पिछले कुछ दिनों में

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 जुलाई। सूत्रों के अनुसार, मोदी-शाह द्वय उत्तर प्रदेश की भाजपा प्रदेश इकाई में महत्वपूर्ण फेरबदल करने वाले हैं। इस फेरबदल की प्रक्रिया के बारे में कहा जा रहा है कि यह ''कवायद काफी पहले'' की जानी थी, ताकि समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से उत्पन्न चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए पार्टी तथा पार्टी के कैडर को अच्छे से तैयार किया जा सकता।

लोकसभा चुनावों में बड़ी हार से परेशान, पार्टी के शीर्ष स्तर के नेता अब देश के सबसे बड़े राज्य में खोये हुए जनाधार को पुनः प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों पर गंभीर चर्चा कर रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से, उत्तर प्रदेश के भाजपा के कुछ प्रमुख नेतागण राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचे हुए हैं और वे पार्टी के सर्वोच्च नेताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। राज्य भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने आज यहां राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इससे पूर्व, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात की थी, जिसके फलस्वरुप एक बड़े फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के साथ संगठन से सम्बंधित खास मुद्दों पर चर्चा की है। समझा जाता है कि भाजपा चुनावी हार के सदमे से बाहर निकलने के लिए तथा राज्य में 2027 में होने वाले संभावित विधानसभा चुनावों की तैयारियों के चलते प्रदेश का अध्यक्ष किसी ओ.बी.सी. नेता को बनाना चाहती है। यू.पी. के वर्तमान पार्टी अध्यक्ष चौधरी- जाट समुदाय से हैं। प्रदेश की आबादी में ओ.बी.सी. वोटों का हिस्सा काफी बड़ा है और इसके चलते इस समुदाय के लोगों को लुभाने के प्रयास के तहत भाजपा किसी ओ.बी.सी. नेता के नाम का प्रस्ताव कर सकती है।

सूत्रों का कहना है कि मोदी- शाह दोनों इस तरीके से परिवर्तन प्रभावी करना चाहते हैं, जिससे योगी आदित्यनाथ की शक्तियां सीमित हो जाएं ताकि पैंतरेबाजी के लिए उनकी स्वतंत्रता में कटौती हो। भूपेन्द्र चौधरी एक जाट नेता हैं, उन्हें वर्ष 2022 में उनके समुदाय में भाजपा के विरुद्ध उपजे असंतोष को शांत करने के लिए राज्य में पार्टी अध्यक्ष बनाया गया था।

- प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी बुधवार को प्र.मंत्री मोदी से मिले। इस मुलाकात से पूर्व, उप मु.मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात की, जिसने यू.पी. में संगठन में उथल-पुथल की चर्चा को और बल दिया।
- प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्र.मंत्री ने प्रदेशाध्यक्ष से यू.पी. के संगठनात्मक ढांचे के बारे में विस्तार से बात की। भाजपा यू.पी. में किसी ओ.बी.सी. को प्रदेशाध्यक्ष बनाना चाहती है।
- साथ ही मोदी-शाह द्वय यू.पी. में संगठन में इस तरह की तब्दिलियां करना चाहते हैं, जिससे योगी आदित्यनाथ के पर कुछ कुतरे जा सकें।
- उप मु.मंत्री मौर्य की टिप्पणी, कि ''संगठन सबसे ऊपर है तथा संगठन से ऊंचा कोई नेता नहीं है'', को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

ये कदम उत्तर प्रदेश में हाल के लोकसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी पराजय के परिप्रेक्ष्य में उठाये जा रहे हैं। पार्टी की सीटें, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में 62 आई थीं, इस बार के लोकसभा चुनावों में सिमटकर 33 रह गई हैं, क्योंकि इस बार मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने काफी सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में पिछले दो विधानसभा चुनाव जीते हैं और पुनः तीसरी बार चुनाव जीतने के प्रयासों में कोई कोरकसर नहीं छोड़ेगी। इसलिए संगठन में आमूलचूल बदलाव करने की योजना है।

संगठन में सम्पूर्ण फेरबदल के पीछे विपक्ष के ये दावे हैं कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में आन्तरिक कलह चल रही है। रविवार को पार्टी की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

प्र.मंत्री मोदी के खिलाफ हेट स्पीच की याचिका खारिज

बैंगलुरु, 17 जुलाई। बैंगलुरु की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ इस साल अप्रैल में दिए गए कथित हेट स्पीच वाले भाषण के लिए दायर की गई निजी

- प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान बांसवाड़ा में घुसपैठियों को लेकर टिप्पणी की थी जिसमें देश की संपत्ति को बांटने का जिक्र था। उन्होंने कहा था कि, घुसपैठियों की नज़र हिन्दुओं की सम्पत्ति और महिलाओं के मंगलसूत्र पर है।

शिकायत को खारिज कर दिया है। प्र.मंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान राजस्थान के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'भू-राजस्व अधिनियम की धारा 90ए(8) एससी-एसटी के खिलाफ नहीं'

हाईकोर्ट ने भू-राजस्व अधिनियम की धारा की संवैधानिकता को चुनौती दे रही जनहित याचिका को खारिज किया

- **मामले में याचिकाकर्ता का कहना था कि सरकार के पास राजस्व अधिनियम की किसी भी धारा के तहत भूमि का स्वामित्व बदलने का अधिकार नहीं है, परंतु 90ए(8) के तहत वह एससी-एसटी वर्ग की कृषि भूमि को अपने अधीन कर उसका भू उपयोग भी बदल सकती है और किसी अन्य व्यक्ति को आवंटित भी कर सकती है।**
- **याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि यह धारा काश्तकारी अधिनियम की धारा 42 के विपरीत है। धारा 42 के तहत एससी के स्वामित्व की जमीन का किसी अन्य का बेचान करने पर वह अवैध होता है और जमीन वापस एससी वर्ग के मालिक को मिल जाती है।**
- **राज्य सरकार की ओर से कहा कि धारा 42 के तहत संरक्षण का लाभ उस स्थिति में ही मिलता है, जब कृषि भूमि को बेचा गया हो। जबकि धारा 90ए(8) वहां लागू होती है, जहां नगरीय क्षेत्र में स्थित कृषि भूमि को बिना परिवर्तित कराए गैर कृषि कार्य के उपयोग में लाया गया हो, या उस जमीन के कब्जाधारियों ने बेचान कर दिया हो या बेचान का अनुबंधन किया हो।**

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान भूमि राजस्व अधिनियम की धारा 90ए(8) को गैर संवैधानिक घोषित करने के लिये दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायाधीश पंकज भंडारी व न्यायाधीश प्रवीण भटनागर की खंडपीठ ने नवीन कुमार मीणा की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये।

जनहित याचिका में कहा गया कि भू-राजस्व अधिनियम की धारा 90ए(8) के तहत यह प्रावधान किया गया है कि नगरीय क्षेत्र में स्थित कृषि भूमि का गैर कृषि के तौर पर उपयोग करने पर राज्य सरकार भूमि को अपने अधीन ले सकती है। वहीं संबंधित जमीन के राज्य सरकार में निहित होने के बाद वह उसे किसी को भी आवंटित कर सकती है। यह धारा काश्तकारी अधिनियम की धारा 42 के विपरीत है। धारा 42 के तहत एससी के स्वामित्व की जमीन का किसी अन्य का बेचान करने पर वह अवैध होता है और जमीन वापस एससी वर्ग के मालिक को मिल जाती है। ऐसे में धारा 90ए(8) के एससी,एसटी वर्ग को प्राप्त अधिकार के खिलाफ होने के कारण उसे रद्द किया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि धारा 90ए(8) के तहत सरकार उस अवैध निर्माण का भी नियमितकरण कर सकती है जो एससी-एसटी वर्ग की जमीन पर बना हो, परंतु उस जमीन का कब्जा किसी अन्य वर्ग के व्यक्ति के पास नहीं हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्य सरकार एससी-एसटी वर्ग के लिये आरक्षित भूमि या के स्वामित्व की भूमि को किसी अन्य वर्ग के व्यक्ति द्वारा दिये गये आवेदन पर भू उपयोग बदल सकती है। याचिकाकर्ता का कहना था कि सरकार के पास राजस्व अधिनियम की किसी भी धारा के तहत भूमि का स्वामित्व बदलने का अधिकार नहीं है, परंतु 90ए(8) के तहत वह एससी-एसटी वर्ग की कृषि भूमि को अपने अधीन कर उसका भू उपयोग भी बदल सकती है और किसी अन्य व्यक्ति को आवंटित भी कर सकती है।

याचिकाकर्ता ने सभी तथ्यों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि राज्य सरकार 'राइट टू फेयर कंपनसेशन एंड ट्रांसपेरेंसी एंड लेंड ऐक्वीज़िशन' अधिनियम 2013 के तहत उन सभी एससी-एसटी वर्ग के लोगों को मुआवजा देना चाहिये जिनकी भूमि भू राजस्व अधिनियम के तहत उनसे ली गई या जिनकी भूमि का भू उपयोग बदला गया।

इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह और जेडीए की ओर से अधिवक्ता अमित कुड़ी ने कहा कि धारा 42 के तहत संरक्षण का लाभ उस स्थिति में ही मिलता है, जब कृषि भूमि को बेचा गया हो। जबकि धारा 90ए(8) वहां लागू होती है, जहां नगरीय क्षेत्र में स्थित कृषि भूमि को बिना परिवर्तित कराए गैर कृषि कार्य के उपयोग में लाया गया हो, या उस जमीन के कब्जाधारियों ने बेचान कर दिया हो या बेचान का अनुबंधन किया हो। राज्य सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि भूमि अवाप्त करने से पहले नियमानुसार प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का मौका देकर कार्रवाई करने का प्रावधान है। ऐसे में यह धारा 42 के खिलाफ नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जनहित याचिका को खारिज कर दिया है।

मानवीय मूल्यों के उत्थान में संतों का महान योगदान : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती में सुधर्मा सभा प्रवचन स्थल के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुनिश्री जयकुमार का आशीर्वाद लिया।

लाडनूं, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रदेश की समग्र उन्नित का आकलन केवल भौतिक विकास से ही नहीं, बल्कि वहां के नागरिकों में मानवीय मूल्यों और विचारों की समृद्धता से भी होता है। उन्होंने कहा कि भौतिकवाद से आध्यात्मवाद की ओर बढ़ने पर हमारे आचरण और विचार समाज के प्रति बदलते हैं और हम समाज, देश और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य कर पाते हैं।

शर्मा बुधवार को डीडवाना-कुचामन जिले के लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती में सुधर्मा सभा प्रवचन स्थल के शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों के उत्थान एवं विकास में संतों का महान योगदान रहा है। भारत भूमि ने ऐसे लोगों को जन्म दिया है जो युग के साथ नहीं बहे बल्कि युग को अपने बहाव के साथ ले गए। आचार्यश्री तुलसी ऐसे ही महापुरूष थे। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन के जरिये मानव धर्म का व्यावहारिक स्वरूप लोगों के सामने रखा तथा समाज को अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रह से मुक्त किया। शर्मा ने कहा कि आचार्यने भौतिकवाद की तरफ बढ़ते मानव को अध्यात्मवाद की तरफ मोड़ा। मानव समाज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का जागरण करना उनके जीवन का परम लक्ष्य था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्यश्री महाप्रज्ञ का देश के हिंदी साहित्यकारों में प्रमुख स्थान है। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री महाश्रमण जी की सहजता एवं पवित्रता से उनमें महात्मा का दर्शन होता है। उनके आध्यात्मिक संरक्षण में जैन विश्व भारती विकास की ओर निरंतर गतिमान है।

शर्मा ने कहा कि आचार्यश्री महाश्रमण जी द्वारा वर्ष 2026 में एक वर्षीय योगक्षेम वर्ष के लिए जैन विश्व भारती के पवित्र स्थान पर प्रवास करना सम्पूर्ण प्रदेश के लिए मंगलकारी होगा। शर्मा ने कहा कि भारत एक समय शिक्षा का महान केंद्र था। यहां नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों में देश-विदेश के शिक्षार्थी शिक्षा प्राप्त करते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय को नया जीवन देकर पुरातन संस्कृति का वैभव बहाल करने का काम किया है। जैन विश्व भारती राजस्थान का उल्लेख करते हुए शर्मा ने कहा कि यह संस्थान अपने सात सूत्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए लगातार गतिशील है। शिक्षा, साहित्य, साधना, शोध, संस्कृति, सेवा जैसे उद्देश्यों की प्राप्ति व मानव कल्याण की भावना इस संस्था के मूल में है।

उन्होंने कहा कि ध्यान, योग, जैन विद्या, राजस्थानी लिपि, प्राकृत भाषा आदि के अध्यापन के लिए समर्पित एकमात्र विश्वविद्यालय है। यहां शोध अनुसंधान जैसे कार्य एक गुरुकुलवास के वातावरण में किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान के पवित्र परिसर में उन्हें कुछ समय बिताने का अवसर मिला था। उस अवधि में उन्हें जो दिव्य अनुभूति हुई, उसे शब्दों में कहा नहीं जा सकता।

छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुके 18 पूर्व अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिख प्रदेश में फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग कर चुके हैं। हालांकि इसको लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया है।

इस बीच राजस्थान यूनिवर्सिटी द्वारा आम छात्रों से छात्र संघ चुनाव के नाम पर शुल्क वसूला जा रहा है। इसको लेकर अब छात्र नेताओं ने विरोध शुरू कर दिया है। छात्र नेता अब इस मामले पर कोर्ट जाने की तैयारी में हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी की ओर से छात्र संघ चुनाव के नाम पर प्रत्येक छात्र से 145 रुपए और 110 रुपए मेंबरशिप फीस वसूली जा रही है। इसके खिलाफ अब छात्रों ने कोर्ट जाने की तैयारी शुरू कर दी है। छात्र नेताओं का कहना है कि राजस्थान यूनिवर्सिटी नहीं चाहता कि नियमित रूप से छात्र संघ के चुनाव हों, लेकिन छात्र संघ के चुनाव के नाम पर राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रत्येक छात्र से लगातार शुल्क वसूल कर रहा है। प्रोस्पेक्टस में भी मेंशन है, 145 रुपए छात्र संघ चुनाव के और 110 रुपए मेंबरशिप फीस, कुल 255 रुपए प्रति छात्र वसूल किए जा रहे हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले लगभग 25 हजार छात्रों से 63 लाख से ज्यादा की राशि हर साल छात्र संघ चुनाव के नाम पर ली जा रही है।

डिग्गी कल्याण जी यात्रा से पहले सड़क मार्ग दुरुस्त करें : दिया कुमारी

- **पदयात्रियों की सुविधा के लिए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिये निर्देश**

जयपुर। धार्मिक नगरी डिग्गी में आगामी माह में शुरू होने वाले 59 वे लक्खी मेले और पदयात्रा से पूर्व मंदिर की और जाने वाली सभी सड़को को दुरुस्त करवाया जाएगा, ताकि पदयात्रियों सहित अन्य श्रद्धालुओ को कोई परेशानी नहीं हों। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस संबंध में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि मंदिर की और जाने वाली सार्वजनिक निर्माण विभाग की सभी सड़कें जो बरसात के कारण यदि सड़क खराब हो गयी हैं तो विभाग उन्हें तत्काल ठीक करवाएगा ताकि पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी यूनिट टोंक ने बताया की जयपुर भीलवाड़ा स्टेट हाईवे सड़क के पेच मरम्मत हेतु प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भिजवा कर निविदा पूर्ण कर ली गई है। जल्द ही कार्य आदेश जारी करके इसके पेचवर्क कार्य पूर्ण करवा दिया जाएगा। इसी प्रकार देवली केकड़ी मालपुरा सड़क तथा डिग्गी-सोहेला सड़क (सोहेला से बोराखंडी तक) गारंटी अवधि में होने के कारण इनकी मरम्मत संबंधित संवेदक से करवायी जायेगी। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए है इसे शीघ्र ही पूरा करवा दिया जाएगा। इसी प्रकार मालपुरा से पिपणी सड़क के पेंच वर्क मरम्मत का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो। प्रदेश के प्रमुख आस्था केंद्र डिग्गी कल्याण जी में आगामी 11 अगस्त से लक्खी मेले का आयोजन प्रस्तावित है। 11 अगस्त को जयपुर से पदयात्रा के साथ ही इस मेले का शुभारंभ होगा और 15अगस्त को पदयात्रा का निशान मंदिर पर चढ़ने के साथ ही इसका समापन होगा।इस मेले एवं पदयात्रा में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं।

जल जीवन मिशन मामले में अब सी.बी.आई. सक्रिय हुई

सी.बी.आई.ने मामले में पूछताछ के लिए समन भेजकर संबंधित आरोपियों को दिल्ली बुलाना शुरू कर दिया है

- **जेल में बंद आरोपियों के लिए कोर्ट से परमिशन मांगी गई है।**
- **मामले में ईडी ने मंगलवार को चौथी गिरफ्तारी कर बिचौलिए संजय बड़ाया को गिरफ्तार किया था**

जयपुर। जल जीवन मिशन घोटाले मामले में एसीबी और ईडी के बाद अब सीबीआई भी सक्रिय हो गई है। इस मामले में सीबीआई ने इस साल मार्च में मुकदमा दर्ज किया था। सीबीआई ने इस मामले में पूछताछ के लिए समन भेजकर संबंधित आरोपियों को दिल्ली बुलाना शुरू कर दिया है। इसमें कुछ आरोपियों को गुरुवार को दिल्ली बुलाया गया है। जो जेल में बंद है, उनके लिए कोर्ट से परमिशन मांगी गई है। गौरतलब है कि जयपुर एसीबी ने जेजेएम से जुड़े कुछ अधिकारियों, ठेकेदारों के खिलाफ पिछले साल 8 अगस्त को एक एफआईआर दर्ज की थी।

What's so tough? This beautiful and iconic 100-mile ultra begins in Chamonix and traverses around Mont Blanc through France, Italy, and Switzerland. *UTMB* is famous for its incredible scenery (though, it's hard to appreciate those views when you're forced to climb 30,000 feet over incredibly technical terrain) and its festive atmosphere. Perhaps, the race's main allure is its prestige. UTMB annually attracts about 2,500 runners, many of whom are top-tier international pros. Chamonix, a true trail-running mecca, essentially shuts down in honour of the event, drawing hordes of spectators, and many top runners enjoy almost-celebrity treatment from the locals.



Marathon des Sables

Category: Distance

What's so tough? The *Marathon des Sables* is a seven-day multi-stage race of roughly 150 miles through the Sahara Desert. The route changes from year to year. In addition to sheer distance, racers must endure Morocco's extreme heat while running on sand dunes, and the burden of having to carry their own food, water, first aid, and extra clothes.

Badwater 135

Category: Heat and Distance

What's so tough? Running *135 miles* through Death Valley in July, when the average high temperature is above 110 degrees. That's pretty much all you need to know.

Mount Marathon Race

Category: Technicality and Exposure

What's so tough? The *Mount Marathon race* is small and mighty. By far, the shortest race on this list, the course, in Seward, Alaska, is just 3.1 to 3.5 miles long, depending on the year. But it also gains more than 3,000 feet of elevation and forces racers to scale an exposed cliff before descending the mountain. Mount Marathon rightly has a reputation for being dangerous. It always takes place on the Fourth of July, so that the holiday spectacle draws huge crowds of locals. As ultrarunner, Rickey Gates, says, for the spectators, "It's not all that different from Nascar. In the back of your head, you're hoping to see a crash."


Western States Endurance Run

Categories: Elite Competition and Heat

What's so tough? As the world's oldest and most prestigious American 100-miler, *Western States*, which runs every June from Squaw Valley to Auburn, California reliably attracts the sport's best. Intense competition aside, the race is most notorious for subjecting its runners to central California's brutal summer heat, which regularly surpasses 100 degrees. Many runners hit the infamous Canyons, a roughly 30-mile stretch of unforgiving climbs and descents, widely considered the most difficult part of the race, during the hottest part of the day.



THE WALL



BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott



ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को कुचला, मौत

बाइक सहित व्यक्ति को करीब 50 फीट तक घसीटते हुए सड़क से दूर विद्यालय की बाउंड्री तक ले जाने के बाद ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर जिले के सैपऊ थाना क्षेत्र में बुधवार शाम के समय नेशनल हाईवे-123 पर कैंथरी विद्यालय के समीप दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें पत्थरों से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बेकाबू होकर बाइक सवार व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया और बाइक सहित व्यक्ति को करीब 50 फीट तक घसीटते हुए सड़क से दूर विद्यालय की बाउंड्री तक ले जाने के बाद ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई।

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक पत्थरों को मौके पर ही छोड़ ट्रॉली सहित ट्रैक्टर को लेकर मौके से फरार हो गया। तभी हाईवे के सहारे एक व्यक्ति को बाइक के साथ पड़ा देख राहगीरों ने हाईवे एंबुलेंस को सूचना दी। जिस पर हाईवे एंबुलेंस 1033 के द्वारा व्यक्ति को उपखंड मुख्यालय सैपऊ स्थित राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के नीचे आने के बाद घसीटने से बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। बाइक के पास ही ट्रैक्टर के पहिए के निशान और पत्थरों का ढेर पड़ा मिला है।



ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक चकनाचूर हो गई।

जानकारी के मुताबिक राजकुमार पुत्र अजंट सिंह ठाकुर उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के खेरागड़ थाना क्षेत्र स्थित पीपलखेड़ा गांव का निवासी था। बताया गया है कि वह घर से रकम लेकर भैंस खरीदने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में काल बनकर आए पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ने उसको मौत के घाट उतार दिया। मृत व्यक्ति की जेब से करीब 1 लाख 6 हजार की नगदी भी मिली है, जिसे वह भैंस खरीदने के लिए लेकर जा रहा था। मौके पर पहुंचे सैपऊ पुलिस थाने के एएसआई उमाशंकर शर्मा ने पुलिस जाप्ता की मदद से शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए। जहां घर की महिलाए व परिवार के अन्य सदस्य रोने लगे।

- हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक पत्थरों को मौके पर ही खाली कर ट्रॉली सहित ट्रैक्टर को लेकर मौके से फरार हो गया

मृतक के बेटे लोकेश व भोला ने बताया कि उनका पिता राजकुमार भैंसों का व्यापारी था। जो भैंस खरीदने व बेचने का कारोबार करता था। इसी के चलते वह आज भी अपनी रिश्तेदारी गढ़ी लज्जा से भैंस खरीदने के लिए घर से रकम लेकर निकला था।

अजमेर में मातमी धुनों के साथ ताजिये निकाले

जुलूस पर नजर रखने के लिए कलेक्टर व एसपी के साथ प्रशासन-पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे

अजमेर, (कासं)। योमे आशुरा के मौके पर मोहर्रम माह की दसवीं तारीख पर बुधवार को अंदरकोट पंचायत के सदस्यों ने बड़ा हाईदौस खेलकर कर्बला का मंजर पेश कर शहीदों को अपनी अकीदत पेश की। या हुसैन या हुसैन के नारों से दरगाह क्षेत्र गुंजायमान हो गया। हाईदौस में कई लोग तलवारों के वार से जख्मी भी हुए, जिनका उपचार मौके पर चिकित्सा विभाग की टीम के सदस्यों ने किया।

खादिम की संस्था अंजुमन सैयदगान की ओर से बड़े ताजिए शरीफ की सवारी निकालकर मातमी धुनों के साथ ताजिये को झालरे में सैराब किया गया। ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के बड़े ताजिया का जुलूस रात्रि दस बजे इमामबाड़ा से शुरू हो जो गुरुवार अल सुबह दरगाह में स्थित झालर पहुंचा, जहां एहतराम के साथ ताजिए शरीफ को पानी में सैराब किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। वहीं जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

जुलूस पर नजर रखने के लिए जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित व एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई के साथ प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 300 से अधिक पुलिस के जवानों को तैनात किया गया। प्रशासन की ओर से हाईदौस खेलने वालों की वीडियोग्राफी कराई गई। चोटिल होने वालों के नाम की सूची भी बनाई गई। जुलूस शुरू होने से पूर्व दी सोसायटी पंचायत अंदरकोटियान की ओर से हथाई चौके में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, राजनीतिक हस्तियां और खास मेहमानों सहित मोहर्रम की व्यवस्था में सहयोग करने वाले पंचायत के सदस्यों, अखाड़े के उस्तादों, शहीदी कलाम पढ़ने वाली पार्टियों की भी दस्तारबंदी भी की। दरगाह के खादिमों की संस्था द्वारा बनाया गया बड़ा ताजिया भी झालरे में सैराब किया गया।



अजमेर में ताजिए की सवारी निकाली गई।

कीटनाशक का छिड़काव करते एक की मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ थानान्तर्गत गांव गुलपुरा की रोही में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते समय दवा के प्रभाव से बेहोश हुए एक व्यक्ति की उपचार के दौरान बीकानेर के अस्पताल में मौत हो गई। जिसकी बुधवार को राजगढ़ थाने में मर्ग रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझड़िया ने बताया कि भूपसिंह पुत्र अमीलाल प्रजापत निवासी गुलपुरा थाना राजगढ़ जिला चूरू ने इस आरोप रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई संजय कुमार 16 जुलाई को खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहा था, उस समय वह अचानक बेहोश हो गया।

तिहरे हत्याकांड में फरार इनामी आरोपी 23 साल बाद गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी, (निसं)। हिण्डौन की नई मंडी थाना पुलिस ने 23 साल पहले हुए ट्रिपल मर्डरकांड के मामले में फरार इनामी आरोपी को मध्य प्रदेश के इटारसी से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर करौली पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था।

नई मंडी थाना अधिकारी रामकिशन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 23 वर्ष पूर्व 10 मार्च 2001 को टोडाभीम थाना क्षेत्र के तिघरिया और पीलवा गांव के मध्य हुए ट्रिपल हत्याकांड में आरोपी मानसिंह राजपूत निवासी पीलवा थाना नई मंडी हिण्डौन फरार चल रहा था। आरोपी पर जिला पुलिस अधीक्षक करौली ने 10 हजार का इनाम भी घोषित किया था। थानाधिकारी ने बताया कि एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर आरोपी की गिरफ़्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया, जिसमें उप निरीक्षक सोहनसिंह, उप निरीक्षक महेशचंद मीणा, कांस्टेबल निरंजन एवं कांस्टेबल पुष्पेंद्र को शामिल किया। टीम ने ट्रिपल मर्डर हत्याकांड के फरार आरोपी मानसिंह राजपूत को मध्यप्रदेश के इटारसी से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल निरंजन की विशेष भूमिका रही।

- पुलिस ने फरार इनामी आरोपी को मध्य प्रदेश के इटारसी से गिरफ्तार किया

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने गांव को छोड़कर जैसलमेर, औरंगाबाद, नरेना, बरेली, होशंगाबाद सहित विभिन्न स्थानों पर अपना नाम पता बदलकर छिपता हुआ घूम रहा था। पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ में जुटी है।

पिता-पुत्र के साथ मारपीट की

सादुलपुर, (निसं)। पिता-पुत्र के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर 30 हजार रुपए नगद तथा गले में पहनी सोने की चेन तोड़कर ले जाने के आरोप में बुधवार को पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि जितेंद्र कुमार जाट निवासी बैरासर गुमाना ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 16 जुलाई की शाम वह तथा उसका 10 वर्षीय पुत्र जसमीत मोटरसाइकिल लेकर अपने ड्राइवर प्रवीण को 30 हजार रुपए देने के लिए जैतपुरा गांव जाने के लिए घर से रवाना हुए। मोहल्ला कुम्हारों के चौक में पहुंचे तो बीच रास्ते में आरोपी मनीष, जयवीर तथा 8-10 अन्य लोगों ने मारपीट की। शोर करने पर गांव के कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया।

हिंदू युवक की मौत होने पर ताजिया नहीं निकाला

भीलवाड़ा, (निसं)। पूरा देश हिंदू-मुस्लिम समुदाय में बंट कर धर्म में उलझ कर रह गया। वहीं एक ऐसा ग्राम जहा इंसानियत और हिंदू मुस्लिम भाई-चारे का परिचय देखने को मिला। भाईचारे की ऐसी मिसाल पेश की गई है कि कस्बे में एक हिंदू युवक की मौत हो जाने से बीती रात्रि से ही ताजिया नहीं निकला उसे मस्जिद में ही रखा हुआ हैं।

जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा थाना सर्कल के खातन खेड़ी में सुरेश कुमार जाट समाज के युवक की शाहपुरा तिराये के पास एक वाहन द्वारा टक्कर मार देने से मौके पर हुई दर्दनाक मौत के चलते कस्बे के मुस्लिम समुदाय ने ताजिया नहीं निकाला, ताजिया को मस्जिद में ही रखा हुआ है। ग्राम के शरीफ मोहम्मद ने बताया की कस्बे में एक नव युवक की मौत हो जाने के कारण उनके दुख: दर्द में शामिल होने के लिए हमने ताजिया नहीं निकाला है। पूरे ग्राम के मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू समाज के लोगों के साथ मांडल उप राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। दुख की इस घड़ी में कांधे से कंधा मिला के साथ खड़े हैं।

गोहर चिश्ती को नहीं मिली कोर्ट से राहत

अजमेर, (कासं)। ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर सर तन से जुदा.. नारा मामले में अदालत से बरी होने के बाद भी गोहर चिश्ती को फिलहाल राहत नहीं मिली है। चिश्ती को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। बुधवार को गौहर चिश्ती को एक अन्य मामले में अवकाशकालीन लिंक कोर्ट में पेश किया गया। लिंक कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने उसकी जमानत का फैसला सुरक्षित रखा है।

खादिम गौहर चिश्ती के वकील फैय्याजउल्ला ने बताया कि वर्ष 2020 में दर्ज मुकदमे में प्रकरण अदालत में विचाराधीन है। प्रकरण में नवबर 2023 में गौहर चिश्ती की जमानत जब्त हो गई थी, जबकि सर तन से जुदा नारे के मामले में वह जेल में बंद था। इस प्रकरण में मंगलवार को बरी होने के बाद वह जेल से बाहर नहीं आ सका है। एक अन्य प्रकरण में बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने सुनवाई पूरी होने के बाद जमानत का फैसला सुरक्षित रखा है, जहां मामले में गुरुवार पुन: सुबह कोर्ट पेश किया जाएगा।

- चिश्ती को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा, अन्य मामले में आज फिर सुनवाई

अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

अजमेर, (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक अधेड़ को उसकी पत्नी ने शराब पीने से रोका तो इस बात से नाराज होकर बीती रात चुन्नी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब पत्नी उठी तब परिजन को पता चला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रामगंज थाना पुलिस ने शव फंदे से उतार कर जेएलएन अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रामगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसरा ब्यावर निवासी साले राजू सिंधी ने सूचना दी कि कंचन नगर दौराई निवासी उसके जीजा भरत झामनानी ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को उतरवा कर कब्जे में लेकर जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचा, पुलिस ने परिजन की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था। बीती रात उसे शराब पीने से रोकने के लिए टोका था, जिससे नाराज होकर उसने कदम उठा लिया। मृतक के 17 साल व 21 साल के दो बेटे है।

आपसी रंजिश को लेकर युवक की हत्या, एक गिरफ्तार

ग्रामीणों ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर प्रदर्शन किया

निवाई, (निसं)। गांव लुहारा में मंगलवार की देर शाम आपसी रंजिश के चलते एक युवक की धारदार हथियारों से हत्या कर दी। परिवार जनों ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर राजकीय सामुदायिक अस्पताल में प्रदर्शन किया और मृतक का शव लेने से इंकार कर दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल में विधायक रामसहाय वर्मा भी पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली।

डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि मृतक गणेश के पिता रामजीलाल जाट ने सदर पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया है कि उसका 22 वर्षीय पुत्र गणेश जाट निवासी लुहारा मंगलवार की शाम को खेत पर जा रहा था। इसी दौरान बद्री जाट, गणेश जाट, रामजस जाट व कमला जाट ने एकराय होकर उसको धोखे से अपने बाड़े में बुलाकर सरिए, कुल्हाड़ी व गंडासे से जानलेवा हमला कर दिया। परिजन तुरंत ही मोटरसाइकिल से घायल युवक को निवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सदर थाना अधिकारी जयमल सिंह जाप्ते सहित निवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। घटना की सूचना पर चिकित्सालय में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिवारजन व ग्रामीण मुख्य आरोपी को गिरफ्तारी नहीं होने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करने की मांग की और अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया। करीब 21 घंटे बाद पुलिस के आश्वासन के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।



मृतक गणेश जाट।

- 21 घंटे बाद पुलिस के आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम करवा शव को परिजनों के सुपुर्द किया

थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि मृतक युवक दो बहनों का इकलौता भाई था। उन्होंने बताया कि हत्या के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा शेष आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद एफएसएल व एमआईयू टीमों को मौके पर बुलाया गया। टीमों ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। अस्पताल में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा सहित निवाई थानाधिकारी हरिराम वर्मा, सदर थानाधिकारी जयमलसिंह सहित दोनो पुलिस थानों का जाब्ता मौजूद रहा।

500 वर्ष पुराने मणीहारा कुएं का जीर्णोद्धार हुआ

जैसलमेर, (निसं)। जैसलमेर जिले की फतेहगढ़ तहसील के सांवता गांव में श्री देगराय मंदिर ओरण में मौजूद 500 वर्ष प्राचीन मणीहारा तले में मौजूद एक कुंए का श्री देगराय मंदिर व ओरण विकास संस्था, आई लव फाउंडेशन, फीयरलेस फाउंडेशन व टीम ओरण के संयुक्त सहयोग से सफाई व जीर्णोद्धार करवाया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार इस प्राचीन तले में मौजूद चार कुंओं के जल से श्री देगराय ओरण क्षेत्र के आसपास के 12 गांवों के वाशिंदो और मवेशियों को जल प्राप्त होता था, लेकिन पिछले 4-5 दशकों से इनका उपयोग बंद हो रखा था। पिछले कुछ वर्षों में लगातार पानी की आपूर्ति में बाधाओं व जल की कमी के कारण ग्रामीणों ने इन तलों को पुन: सफाई कर प्रारम्भ करने की ठानी, जिसमें संस्थाओं व ग्रामीणों ने सहयोग कर एक कुंए को पुन: साफ कर जीर्णोद्धारीत किया है। आई लव जैसलमेर के सवाईसिंह ने बताया कि इस पहल के पहले चरण में 1सौ 50 फीट गहरे खुले कुएं को कुल 280 श्रम घंटो में लगभग 10 टन मलबा निकाल कर सम्पूर्ण साफ़ किया।

इस पहल की शुरुआत मार्च-अप्रैल में आयोजित एबंडेंस कार्यक्रम से हुई थी जिसमे ओरणों, उनसे जुड़े जल संसाधनों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर फीयरलेस फाउंडेशन फॉर दी आर्ट्स और आई लव जैसलमेर द्वारा सांवता गांव की महिलाओं के साथ कम्यूनिटी कला कार्यशाला भी आयोजित की गयी थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार शाईलो शिव सुलेमान-फाउंडर फियरलेस ग्रुप ने कहा कि ओरण संरक्षण और जल सुरक्षा के लिए जैसलमेर में चल रहे मुहीम को आगे बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की आवाज़ को सशक्त करने के लिए फीयरलेस फाउंडेशन और आई लव जैसलमेर एकजुट होकर इस पहल के लिए आगे आया है जिसमे शाईलो की मित्र अरण्यनि ने भी सहयोग किया है।



प्राचीन मणीहारा तले में मौजूद एक कुएं का जीर्णोद्धार कराया।

- चार कुंओं के जल से श्री देगराय ओरण क्षेत्र के आसपास के 12 गांवों के वाशिंदों और मवेशियों को जल प्राप्त होता था
- पिछले 4-5 दशकों से इनका उपयोग बंद हो रखा था, जल की कमी के कारण ग्रामीणों ने तलों को पुनः सफाई कर प्रारंभ करने की ठानी

पर्यावरणविद् सुमेरसिंह ने कहा कि इन कुओं से हजारों पशुओं का जीवन यापन निर्भर रहा है, हमें इस साल भीषण गर्मी में पानी की कीमत का पता चला, हम पुराने जल स्त्रोतो को पुन: विस्थापित कर पानी की समस्या को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं।

एक प्रदेश एक चुनाव में भाजपा को विश्वास, कांग्रेस को डर लगता है : गजेंद्र सिंह शेखावत

सीकर, (निसं)। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है। यह चुनाव उन तमाम तरह की निर्मूल आशंकाओं को जिनका कोई आधार नहीं था को देश की जनता से नकार दिया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की बनाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री बुधवार को जयपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि, पिछले 10 वर्षों के शासन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में, देश के सामान्य नागरिक के जीवन में और भारत के आत्म सम्मान को बढ़ाने का जो काम किया है देश की जनता ने उन पर मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे तब तक देश विकसित भारत होगा। देश व प्रदेश की भाजपा सरकार मिलकर देश को विकसित भारत बनाने का काम करेगी।

- सीकर दौरे पर रहे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पत्रकार वार्ता की

राजस्थान की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान को आगे ले जाने के लिए काम कर रही है। राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया में शेखावत कहा कि सर्वस्पर्शी व सर्वांगीण विकास के विजन का यह बजट राजस्थान के विकास में कारगर सिद्ध होगा। यह बजट राजस्थान की 30 लाख करोड़ रूपये की अर्थ व्यवस्था बनाने का काम करेगा। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहाकि पिछली कांग्रेस सरकार अज्ञातवास में पूरे समय होटलों में बंद रही थी। उन्होंने कहा कि पीसीसी चीफ रहे पायलट व मुख्यमंत्री रहे गहलोत के बीच मनमुटाव के चलते पूरे समय कांग्रेस सरकार होटलों में रही। ऐसे में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को चाहिए जिनके घर शीशे के होते हैं वो दूसरों पर पत्थर नहीं उछालने चाहिए।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पूरे प्रदेश में पंचायती राज सहित अन्य चुनाव एक साथ करवाने की पैरवी की है। उन्होंने कहा है कि, देश हो या प्रदेश, बार-बार चुनाव होने पर विकास के कार्यों में बड़ी बाधाएं आ जाती हैं। पिछली कांग्रेस सरकार में पंचायती राज के चुनाव में स्वयं को विश्वास नहीं था कांग्रेस सरकार ने टुकड़ों में चार साल तक चुनाव करवाये। कांग्रेस पार्टी के मन में यह डर था कि एक बार चुनाव कराने पर पार नहीं पड़ेगी। राजस्थान के 35 साल के इतिहास में पहली बार हुआ जब कांग्रेस को पंचायती राज के चुनाव में सत्ता में रहते हुए भी आधे से अधिक स्थानों पर अपने जिला प्रमुख नहीं बना पाई। भाजपा को अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं व अपनी सरकार द्वारा करवाये गये विकास के कार्यों पर पूरा विश्वास है। कहा कि इसी विश्वास के चलते वह पूरे प्रदेश में एक साथ चुनाव करवाने में पक्षधर है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि, सीकर जिले में पेयजल का संकट जल्द दूर होगा। पिछले 20 वर्षों से लंबित चल रहे हरियाणा और राजस्थान के बीच यमुना जल के समझौते को उन्होंने लागू करवाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हरियाणा सरकार यमुना का पानी सीकर, चूरू और झुंझुनूं को मिलेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल, विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, जिला महामंत्री संजय सैनी, मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर, जिला प्रवक्ता जितेंद्र सिंह कारंगा, गजानंद कुमावत, जिला मंत्री जगदीश कुमावत, ओमप्रकाश बिजारणियां, गोविंद सैनी, डॉ. बीएल रणवां, डॉ. रामेदव चौधरी आदि मौजूद रहे।

काछोला पुलिस की लापरवाही से ग्रामीणों द्वारा पकड़े बजरी भरे 12 ट्रक फरार हुए

बजरी भरे डम्पर की टक्कर से दौ गोवंश की मौत पर ग्रामीणों में आक्रोश भड़क गया था

माण्डलगढ़, (निसं)। काछोला थाना क्षेत्र में बीती रात रूपपुरा गांव के ग्रामीणों ने ओवरलोड बजरी भरे 15 से अधिक डम्परों को पकड़कर काछोला थानाधिकारी को सूचना दी, लेकिन चार घण्टे तक मौक़े पर पुलिस नहीं पहुंची। गुस्साए ग्रामीणों ने बनास नदी से बजरी भरकर काछोला कस्बे की ओर जा रहे डम्पर व ट्रेलर को पकड़ कर जाम लगा दिया।

मामले के अनुसार रूपपुरा गांव के पास बजरी भरे डम्पर ने दो गोवंश को कुचल दिया, जिससे गोवंश की मौके पर मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने बनास नदी से बजरी भरकर काछोला कस्बे की ओर जा रहे करीब 16 डम्पर व ट्रेलर को पकड़ कर जाम लगा दिया। कई वाहनों के टायरों की हवा निकाल दी। पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को सूचित किया। उसके बाद काछोला थाने का एएसआई रामेश्वर सोनी बिना वर्दी में और दो कांस्टेबल ग्रामीणों के पास पहुंचे, जहां एएसआई सोनी ने ग्रामीणों को धमकाया और बजरी भरे वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई किए बिना पुलिस टीम वापस लौट गई। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और जहाजपुर एसडीएम व पुलिस के उच्चाधिकारियों को काछोला पुलिस की लापरवाही की सूचना दी। इस बीच मौके पर अंधेरे का फायदा उठा कर



मांडलगढ़ के काछोला में पुलिस ने अवैध बजरी भरे ट्रक व डम्पर जब्त किये।

- गुस्साए ग्रामीणों ने बनास नदी से बजरी भरकर काछोला कस्बे की ओर जा रहे करीब 16 डम्पर व ट्रेलर को पकड़ कर जाम लगा दिया था
- सूचना के चार घण्टे बाद उच्चधिकारियों के निर्देश पर थानाधिकारी ने दो खाली और दो बजरी भरे ट्रेलर डम्पर जब्त किए
- थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना आई, तब मोहर्रम की सुरक्षा ड्यूटी में जाब्ता तैनात था

एक दर्जन बजरी भरे वाहन फरार हो गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बजरी माफ़िया के वाहनों को मौके भागने की जानकारी दी है।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चार घण्टे बाद काछोला थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी मौक़े पर पहुंची, जहां ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर दो बजरी भरे ट्रेलर व दो खाली डम्पर को जब्त थाने लाया गया, जबकि फरार हुए वाहनों को पुलिस ने पकड़ने की कोशिश तक नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने बजरी माफ़िया से सांठगांठ कर लोगों द्वारा पकड़े गए बजरी भरे वाहनों को मौक़े से फरार होने का मौका दिया है, जबकि सरकार की रोक के बावजूद नदी में माफ़िया गिरोह बेख़ौफ़ होकर बजरी का अवैध खनन कर रहा है, लेकिन पुलिस और प्रशासन आंखे मूंदे हुए हैं। इस मामले में पुलिस की गम्भीर लापरवाही सामने आई हैं कि मौके पर बजरी माफ़िया गिरोह के लोग कई लग्जरी कारों से पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों के आक्रोश व बजरी माफ़िया के बीच तनाव के मद्देजनर कोई भी अप्रिय घटना हो सकती थी। इस मामले को थानाधिकारी ने हल्के में लिया और उच्चाधिकारियों तक को नहीं बताया और न ही पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता मौके पर बुलाया। गुस्साए ग्रामीणों और बजरी माफ़िया में टकराव हो जाता तो अनहोनी हो सकती थी।

थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना आई, तब मोहर्रम की सुरक्षा ड्यूटी में जाब्ता तैनात था। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच कर दो खाली और दो बजरी भरे डम्पर जब्त कर खनिज विभाग को कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है और रात्रि में बनास नदी के रास्तों पर गश्त को बढ़ा दिया गया है। बजरी के अवैध खनन ओर परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीकर में 12वीं के छात्र ने स्कूल के हॉस्टल में आत्महत्या की

छात्र के कमरे में एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा है वह अपनी इच्छा से सुसाइड कर रहा है

सीकर, (निसं)। सीकर में 12वीं कक्षा के एक विद्यार्थी ने स्कूल के हॉस्टल में आत्महत्या कर ली। छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि प्रार्थना सभा में स्कूल स्टाफ ने यूनिफॉर्म को लेकर छात्र के साथ मारपीट की थी और उसे लगातार पनिशमेंट दी जा रही थी इससे परेशान होकर उसने जान दी है।

उद्योग नगर थानाधिकारी सुरेंद्र देगड़ा ने बताया कि मामला रोडवेज डीपो के पास शांति नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल का है। चूरू जिले के सालासर कस्बे का रहने वाला मोहित सेवदा इस स्कूल में पढ़ता था। वह पिछले चार साल से स्कूल के हॉस्टल में रह रहा था। मंगलवार रात 9 बजे वह हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है वह अपनी इच्छा से सुसाइड कर रहा है। प्रारंभिक जांच में मामला सुसाइड का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मोहित के ताऊ महावीर प्रसाद सेवदा ने बताया कि वह पढ़ाई में होशियार था। उसके 10वीं क्लास में 93 प्रतिशत नम्बर आए थे। ताऊ का आरोप है कि मंगलवार को स्कूल स्टाफ ने उसे प्रार्थना सभा से बाहर निकाल दिया था। बाहर निकालने के बाद भी उसे पूरे दिन प्रताड़ित किया गया। पूरी घटना को स्कूल ने दबाए रखा। ताऊ का आरोप है कि मोहित को यूनिफॉर्म को लेकर प्रताड़ित किया गया था। उसने टीचर्स को बोला था कि स्कूल ड्रेस

- परिजनों का आरोप है कि प्रार्थना सभा में स्कूल स्टाफ ने यूनिफॉर्म को लेकर छात्र से मारपीट की थी
- वहीं आरोप है उसे लगातार पनिशमेंट दी जा रही थी, इससे परेशान होकर उसने जान दी है

सिलाई के लिए दी हुई है। वह 19 जुलाई से स्कूल ड्रेस पहनकर आ जाएगा। इसके बाद भी स्कूल स्टाफ ने लगातार मोहित के साथ मारपीट की। मोहित ने फोन पर परिजनों से बात करने की कोशिश भी की, लेकिन स्कूल स्टाफ ने उसे परिजन से बात नहीं करने दी।

मोहित के चाचा अशोक कुमार का आरोप है कि स्कूल वाले इस घटना को छुपा रहे हैं। मोहित के साथ मंगलवार सुबह प्रार्थना सभा में मारपीट की गई थी और उसे मुर्गा बनाया गया था। चाचा ने बताया कि मोहित ने अपने क्लास के एक स्टूडेंट से परिजनों से बात करने के लिए मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी मांगा था। इस बात का पता स्कूल की मैडम को चल गया, जिसके बाद उसकी और पिटाई की गई। मारपीट से परेशान होकर मोहित ने हॉस्टल में पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

परिजनों का कहना है कि, स्कूल स्टाफ ने बच्चे के सुसाइड की सूचना नहीं दी और बिना सूचना के शव को एसके हॉस्पिटल की मार्चरी में रखवा दिया। रात 10 बजे पुलिस से घटना की जानकारी मिली। परिजनों की मांग है कि पुलिस स्कूल संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर गिरफ्तार करे। परिजनों ने पुलिस पर भी स्कूल संचालकों के साथ मिलीभगत कर मामला रफा-दफा करने के आरोप लगाए हैं।

मोहित के पिता गोपाल सेवदा मजदूरी करते हैं, उसके तीन बहनें हैं। वह सबसे बड़ा था। वहीं घटना के बाद बुधवार को सीकर सांसद अमराराम भी एसके हॉस्पिटल पहुंचे। अमराराम ने मोहित के परिजनों से बात की। उन्होंने कहा, मोहित एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी स्टूडेंट था। निश्चित तौर पर जांच होनी चाहिए, यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले को लेकर छात्र संगठन एस.एफ.आई. के कार्यकर्ताओं ने स्कूल पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर एस.के. हॉस्पिटल में धरना दिया। एस.एफ.आई. के जिला सचिव महिपाल गुर्जर का कहना है कि, स्कूल की ओर से स्टूडेंट को परेशान किया जा रहा था, जिसके कारण उसने सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट की मौत के मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए अन्यथा एसएफआई उग्र प्रदर्शन करेगी।

एल.बी.एस. स्कूल के एमडी अनुराग ने कहा कि विद्यार्थी द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने स्वयं आत्महत्या की है। इस घटना में स्कूल का कोई दोष नहीं है।

स्टेट ओपन परीक्षा में नकल का मामला पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। प्रदेश में स्टेट ओपन दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में नकल का मामला सामने आया है। टीचर ही क्लास रूम में बोर्ड पर प्रश्नों के जवाब लिखकर छात्रों को नकल करवा रहे थे। विजिलेंस की टीम पहुंची मेन गेट का ताला लगा मिला। इस पर टीम दीवार फांदकर अंदर गई और नकल का भांडाफोड किया। विद्यार्थियों को नकल करवाने का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी शेयर किया जा रहा है। वीडियो मंगलवार का जोधपुर के लोहावट थाना क्षेत्र के कोलू राठौर में माध्यमिक स्कूल पनजी का बेरा का है।

- टीचर ही क्लास रूम में बोर्ड पर प्रश्नों के जवाब लिख कर छात्रों को नकल करा रहे थे
- विजिलेंस की टीम पहुंची तो मेन गेट का ताला लगा मिला, टीम दीवार फांदकर अंदर गई और नकल का भांडाफोड़ किया

मामले में लोहावट थाने में स्कूल प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह चौहान ने परीक्षा प्रभारी भंवरलाल सुथार, सतर्कता पर्यवेक्षक दिनेश कुमार सुथार, वीक्षक हरिसिंह, प्रहलाद रैगर, दशरथ सिंह, सवाईराम, राहुल मीना, कृष्ण कुमार जाट, शिवराम मीना के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

यू.पी. पुलिस ने जोधपुर में तीन साइबर ठगों को पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। उत्तरप्रदेश की पुलिस बुधवार को जोधपुर पहुंची। यहां माता का थान क्षेत्र से तीन शातिर ठगों को पकड़ा। ठग गैंग साइबर अपराध से जुड़ी है। उनके खिलाफ उत्तरप्रदेश में दो प्रकरण साढ़े सात लाख और साढ़े पांच लाख के दर्ज हो रखे हैं।

माता का थान थानाधिकारी प्रेमदान रत्नू ने बताया कि माता का थान क्षेत्र से उत्तरप्रदेश की साइबर क्राइम ब्रांच ने तीन साइबर ठगों को गिरफ़्तार किया है। आरोपी साइबर ठगी की ऐसी गैंग से जुड़े थे जो टेलीग्राम पर सम्पर्क कर एक ऐप के माध्यम से निवेश में धन दुगुना करने का लालच देते थे। पीड़ित जब ऐप में देखता तो उसको अपनी रक़म बढ़ी हुई दिखती। प्रारम्भ में तो रक़म की निकासी सम्भव होती जब ज़्यादा रक़म होती तो ऐप साइट बंद हो ज़ाती व लाखों रुपए हड़प कर लिए जाते थे।

थानाधिकारी रत्नू ने बताया कि ऐसे दो प्रकरण लखनऊ में दर्ज थे जिनमें 5.5 लाख व 7.5 लाख की ठगी की गई थी। उत्तरप्रदेश पुलिस को इनकी तलाश थी। जिनको माता का थान थाने के साथ संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ़्तार किया गया। आरोपियों के पास साइबर ठगी से खरीदी महँगी गाडिय़ां, लैपटॉप आदि भी मिले हैं। आरोपियों में प्रकाश नवल पुत्र श्रवण नवल, कैलाश सुकरिया पुत्र मोहनलाल और सतीश नवल पुत्र जगदीश नवल को गिरफ्तार किया गया है।

पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप पहेली बनी

श्रीगंगानगर, (निसं)। सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन पर आई हेरोइन की खेप अब जांच एजेसिंयों के लिए पहेली बन गई है। यह खेप कई दिनों तक जांच एजेसिंयों के रडार से बाहर रही और फिर पंजाब के तस्करों तक इस खेप का कुछ हिस्सा पहुंचाया गया, लेकिन पुलिस की सजगता से पंजाब तस्करों की एक टीम पुलिस की गिरफ्त में आ गई। पुलिस और सीआईडी (बी.आई.) की टीमों ने अब बॉर्डर क्षेत्र में उस तस्कर की तलाश शुरू की है जिसके पास यह खेप कई दिनों तक पड़ी हुई थी। इसी ने पंजाब के ड्रग्स माफिया तक डिलीवरी करने का सौदा भी किया था। इधर, पुलिस की गिरफ्त में पंजाब के तीनों तस्करों को करणपुर कोर्ट में पेश किया गया, वहां से सात दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया हैं। इस मामले की जांच पदमपुर सीआई सुरेन्द्र राणा कर रहे हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि इन तीनों तस्करों को हेरोइन की खेप किसने उपलब्ध कराई, संबंधित व्यक्ति या गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई जा रही हैं।

श्रीकरणपुर क्षेत्र में सीओ संजीव चौहान सुपरविजन में करणपुर सीआई सुरेंद्र कुमार और सीआईडी (बी.आई.) की संयुक्त टीम ने नाकाबंदी के दौरान गजसिंहपुर रोड पर अंडरपास के नजदीक एक कार को रुकवाया। कार में सवार तीन आरोपियों पंजाब के अमृतसर जिले के करालिया गांव निवासी जगजीत मसीह पुत्र अजीत मसीह, अमृतसर जिले के गांव लदेह निवासी विजय उर्फ सन्नी पुत्र सुखदेव सिंह और अमृतसर जिले के गांव करालिया गांव निवासी पतरस पुत्र कुलविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पाकिस्तान से तस्करी कर आई अवैध मादक पदार्थ 2 किलो 325 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पंजाब के तस्करों के साथ इनका चौथा साथी आरोपी जोबनजीत सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह फरार हो गया। वह अमृतसर के गांव लादेह का रहने वाला है। इस फरार आरोपी के बारे में अब तक कोई सुराग नहीं मिला हैं। पुलिस अधिकारियों ने इस आरोपी के बारे में अभी स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया है कि यह आरोपी वापस पंजाब चला गया हैं या नहीं। इस फरार हुए आरोपी के पास भी हेरोइन के पैकेट थे, लेकिन इस बारे में तस्वीर अभी साफ नहीं हो रही हैं। जांच अधिकारी पदमपुर सीआई का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद ही पूरी कहानी सामने आ सकेगी।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि पंजाब के तीनों तस्करों से 2 किलो 325 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, ये हेरोइन जिन पैकेटों में मिली है, वह लोकल स्तर पर प्रतीत होती है, जबकि ड्रोन से अब तक आई हेरोइन के पैकेटों का रंग पीला और पैकिंग वाटरप्रुफ होती हैं। ऐसे में इन पैकेटों का रंग और पैकिंग ड्रोन से आई खेप के बाद तैयार किए गए की पुष्टि हो रही है। हालांकि पंजाब तस्करों से पूछताछ के उपरांत पूरा खुलासा हो सकेगा।

जालोर में बारिश से उमस व गर्मी से राहत मिली



जालौर में बरसात होने से कई जगह पानी भर गया।

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में मंगलवार रात्रि को तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। वहीं बुधवार सुबह से ही तेज गर्मी व उमस के चलते दोपहर को हुई हल्की बारिश से लोगों को उमस से कुछ राहत मिली। जालोर जिले के कई स्थानों पर जमकर बारिश हुई।

जालोर जिला मुख्यालय पर बुधवार तडके तीन से पांच बजे के बीच रुक-रुककर अच्छी बारिश हुई। इससे पहले देर रात बादलों की गड़गड़ाहट के चलते शहर में कई इलाकों में बिजली गुल हो गई जिससे उमस से लोग रात में परेशान रहे। बाद में हुई बारिश ने कुछ राहत दी। बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है। जालोर जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 16 जुलाई मंगलवार को सुबह 8 बजे से लेकर 17 जुलाई बुधवार सुबह आठ बजे तक जालोर में 27 मिलीमीटर (एमएम) बारिश दर्ज की गई है। इसी प्रकार आहोर में 45 एमएम, सायला में 18 एमएम, भीनमाल में 11 एमएम, जसवंतपुरा में 13, भाद्राजून में 2 एमएम, बागोडा में 46, रानीवाड़ा में 54, चितलवाना में 42 तथा सांचौर में 71 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इस सीजन की बारिश की बात की जाए तो दोनों जिलों के रानीवाडा तहसील क्षेत्र में अब तक सर्वाधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है।

कांग्रेस के नेताओं की भाषा के पीछे विदेशी ताकतें काम कर रही है : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी

भाजपा की जिला स्तरीय कार्यसमिति बैठक में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी.पी जोशी, टोंक चुनाव प्रभारी राजेन्द्र राठौड़, केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, उर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जितेन्द्र गोठवाल व ओमप्रकाश बढाना टोंक पहुंचे

टोंक, (निसं)। जिला स्तरीय कार्य समिति की बैठक और उपचुनाव में जीत हासिल करने की दृष्टि से प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी.पी जोशी, टोंक चुनाव प्रभारी राजेन्द्र राठौड़, केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, उर्जा मंत्री हीरालाल नागर व महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल व ओमप्रकाश बढाना टोंक पहुंचे।

जिला स्तरीय कार्यसमिति की बैठक के दौरान डॉ.सी.पी.जोशी और सभी प्रदेश स्तरीय अधिकारियों व मंत्रियों का कई स्थानों पर स्वागत किया गया, जिसमें छावनी चौराहा पर जिला महामंत्री विष्णु शर्मा द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वही टोंक के घंटाघर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा फूल मालाओं से, सब्जी मण्डी मार्ग एवं जैन नसियां के प्रवेश द्वार पर भाजपाईयों द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं की भाषा के पीछे विदेशी ताकतें काम कर रही है। कांग्रेस का नेता कहता है कि हिन्दू हिंसक होता है। हिन्दुओं ने अपनी त्योंरिया चढ़ा ली तो आपको इटली जाना होगा। आरक्षण के नाम पर झूठ फैलाने



टोंक में आयोजित जिला स्तरीय कार्य समिति की बैठक में डॉ. सी.पी जोशी, राजेन्द्र राठौड़ आदि पहुंचे।

वाली कांग्रेस को समझ लेना चाहिए कि आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के दलित भाइयों को पहली बार आरक्षण मिला, बाबा साहेब की तस्वीर को संसद में इसी कांग्रेस ने नहीं लगने दिया, ये वही कांग्रेस है जिसके राज में चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया।

जोशी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पहली बार पचास हजार मंदिरों के ताले खुले ये हुआ धारा 370 हटाने से, नागरिकता का विरोध करने वाली कांग्रेस को जान लेना चाहिए कि आजादी के बाद जिन विस्थापित भाई-बहनों को नागरिकता मिली उनमें से साठ प्रतिशत से ज्यादा हमारे दलित भाई है। डॉ. सी.पी जोशी ने अपने सम्बोधन में बार-बार कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें आगामी विधानसभा उपचुनाव में एकजुटता के साथ कार्य करते हुए जीत हासिल करनी है। राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट का सभी वर्गों ने स्वागत किया है। साथ ही हमारे मुख्यमंत्री दृढ निश्चय कर चुके हैं कि बजट में की गयी सभी घोषणाओं को हम समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे।

जिला अध्यक्ष अजितसिंह मेहता ने बैठक के प्रस्तावना उद्बोधन में जिले में संगठन संरचना पर विवेचना प्रस्तुत करते हुए विधानसभा चुनाव एवं उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव पर आये परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस के दुष्प्रचार से हुए नुकसान का आंकलन प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा की कांग्रेस ने समाज को बाटने का जो षड़यंत्र रचा उसमे वो सफल रही और हम उसको समय पर समझ नहीं पाए। हीरालाल नागर ने अपने सम्बोधन में भजनलाल सरकार द्वारा राजस्थान की जनता के लिए लिए जा रहे जन हितकारी फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि पेयजल, बिजली और सिंचाई के पानी को लेकर ऐतिहासिक फैसले ले रही है। जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिये दिन-रात लगी हुई है। चौधरी ने बजट में टोंक के लिए की गई घोषणाओं को मिल का पत्थर बताते हुए कहा कि जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

स्थानीय जैन नसिया परिसर में आयोजित कार्यसमिति की बैठक में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, जिला प्रमुख सरोज बंसल, विजय बैसला, जिला नरेश बंसल, जिला मीडिया प्रभारी राहुल देव, शिक्षाविद् शिवजीलाल चौधरी, महेन्द्र चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, बाबूलाल शर्मा, पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर, ममता जाट, पुष्पेंद्र जैन, अनिल शर्मा, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बीना जैन, जूली शर्मा, ममता शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र परान, पूर्व चैयरमेन लक्ष्मी जैन, प्रभुलाल बाडोलिया, पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, पूर्व प्रधान खेमराज मीणा, बीना छामुनिया, ममता शर्मा, अंजली शर्मा, नीलिमा आमेरा, गुड्डु खटीक एवं चन्द्रवीर चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी.पी जोशी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें आगामी विधानसभा उपचुनाव में एकजुटता के साथ कार्य करते हुए जीत हासिल करनी है

आरबीआई की नोट छंटाई में मिले जाली नोट

जोधपुर, (कासं)। आरबीआई द्वारा नोट छंटाई में 11 हजार से ज्यादा जाली नोटों का पता लगा है। यह नोट जोधपुर की तीन बैंक शाखाओं से जमा होने का पता लगा है। इसमें दो हजार के जाली नोट भी शामिल है। जयपुर नोडल थाने से अब जोधपुर के नोडल थाने सरदारपुरा में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है।

जयपुर पूर्व में आरबीआई के प्रबंधक सुमेल अहमद की तरफ से एक रिपोर्ट यहां पर प्रेषित की गई है। इनके अनुसार जोधपुर की एसबीआई स्कैब में सौ रूपए के 12 नोट, एक्सिस बैंक में

- जोधपुर शहर की तीन बैंकों के ब्रांच में हुए जमा

50 के पांच नोट एवं यूको बैंक शाखा में दो हजार के पांच नोट जाली जमा हुए है। नोटों की छपाई और स्कैनर से मालूम हुआ कि यह नोट वर्ष 2023 मई से वर्ष 2024 के मध्य जमा हुए है। नोट कुल मिलाकर 11 हजार 450 रूपए है जो कि जाली है। इस बारे में अब अज्ञात शख्स के खिलाफ सरदारपुरा नोडल थाने में यह प्रकरण दर्ज करवाया गया है।

जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक/जविप्रा/अधि.अभि.–14/2024-25/डी–810 दिनांक: 16.07.2024

बिड आमंत्रण सूचना

बिड संख्याः अधि.अभि.–14/07 / 2024-25

जयपुर विकास प्राधिकरण अधिशाषी अभियंता–14 द्वारा **"Consultancy services for preparation of feasibility report for construction of sector road from Tonk road to Phagi road in zone-14, JDA, Jaipur "** राशि रु 100.00 लाख की निविदा दिनांक 07.08.2024 सायंकाल 6.00 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण, जो कि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in/www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। **(UBN No. JDA2425SLOB00144)**

निविदा दाता को निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक है कि:–

1. जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। निविदा शुल्क व आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क केवल ऑनलाईन ही देय होगी। बोली प्रतिभूति ऑनलाईन अथवा बैंक गारन्टी के द्वारा दी जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा में भाग लेने हेतु राजस्थान सरकार के पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।

राज.संवाद/सी/24/2400 अधिशाषी अभियंता-14

संक्षिप्त

अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

दूदू, (निसं)। स्थानीय थाने की पुलिस ने 1 वर्ष पूर्व थाने में दर्ज दलित महिला का अपहरण कर ले जाकर दुष्कर्म करने के प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक दूदू शांतनु कुमार ने बताया कि 24 जुलाई 2023 को भेजी निवासी महिला ने मुकदमा दर्ज करवाया कि पवन शर्मा पुत्र पन्नालाल निवासी सतासर डूंगरगढ बीकानेर मुझे बहला फुसला कर भगा ले गया और मेरे साथ गलत काम भी किया। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना निरीक्षक इंद्रप्रकाश यादव के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर आरोपी पवन शर्मा को 1 साल बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 2000 का इनाम भी घोषित था।

विनोद कुमार शर्मा ने कार्यग्रहण किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शिक्षा विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं समकक्ष पदों पर पदोन्नित हेतु वर्ष 2022-23 की आयोजित विभागीय पदोन्नित समिति की बैठक में चयनित पात्र प्रधानाचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी अथवा समकक्ष रिक्त पद पर नियुक्तियां दी गई हैं। इसके तहत श्रीमाधोपुर के एसीबीईओ विनोद कुमार शर्मा ने पदोन्नित उपरांत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पद पर बुधवार को कार्यग्रहण किया। शर्मा के पदस्थापन पर अनेक राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों के संस्था प्रधानों, संचालकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों, प्रशासनिक अधिकारियों ने बधाई दी है।

प्रशासन ने आम रास्ते को खुलवाया

पावटा, (निसं)। तहसील के ग्राम भूरी भडाज में ढाणी थोरा वाली में सिचाई विभाग की नहर के साथ की भूमि में 30 वर्ष पुराना आने जाने को रास्ते था। इस रास्ते को अतिक्रमियों द्वारा बंद कर दिया गया था। जिस पर ग्रामीणों द्वारा कोटपूतली जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन भी दिया गया था। तहसीलदार प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्राम भूरीभडाज में सिचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर आम रास्ता बंद करने के मामल में तहसील पावटा पटवारी, सिचाई विभाग प्रतिनिधि और सरपंच ग्राम पंचायत के सहयोग से जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाकर आम रास्ता चालू करवाया गया।

देवशयनी एकादशी मनाई

निवाई, (निसं)। आषाढ शुक्ल पक्ष एकादशी पर बुधवार को देवशयनी एकादशी मनाई गई। इसके साथ ही चार माह तक शादी विवाह, गृह प्रवेश व मुंडन सहित सभी मांगलिक कार्यो पर रोक लग गई। अब देवउठनी एकादशी 15 नवम्बर के बाद मांगलिक कार्य शुरू होंगे। देवशवनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में विश्राम करने चले जाते है। चातुर्मास में भगवान विष्णु विश्राम करते है और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। गांव के चारभुजा नाथ, लक्ष्मीनाथ व रघुनाथ आदि मंदिरों में देवशयनी एकादशी पर विशेष आयोजन हुए।

असंतुलित ट्रक पलटा, चालक घायल

निवाई, (निसं)। दतवास पुलिस थानान्तर्गत कोथून-लालसोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की रात एक ट्रक असंतुलित होकर सडक किनारे खाई में जा गिरा। थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि एक ट्रक खेत की दवाई का पाउडर भरकर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक चालक का संतुलन बिगड गया जिससे ट्रक खाई में जा गिरा। इस घटना में ट्रक चालक देवराजसिंह पुत्र अमरसिंह कुशवाह निवासी कांसीराम कॉलोनी देहात कोतवाली एटा उतरप्रदेश घायल हो गया।

सभापति के नेतृत्व में पौधारोपण

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय नगर परिषद द्वारा आयोजित किये जा रहे सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत सभापति पुष्पा सैनी के नेतृत्व में पार्षदगणों ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान पार्षद राकेश सैनी, विष्णु सिंह भाटी, रामकुमार सैनी व प्रदीप सैनी ने पौधारोपण में भाग लेते हुये ग्राम सांगटेडा स्थित पीला जोहड में पौधे लगाये।

नरेगाकर्मियों का सम्मान समारोह

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत तुराणा स्थित बाबा खेम साहब मंदिर में चल रहे नरेगा कार्यो में कार्य कर रहे श्रमिकों का सामाजिक कार्यकर्ता रूप स्वामी की ओर से सम्मान किया गया।

कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते है, उन्हे पूरा सम्मान मिलेगा : सी.पी. जोशी

दौसा, (निसं)। दौसा विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद सदमें में आये कार्यकर्ताओं में नया जोश एवं उमंग भरने के लिए बुधवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूव मंत्री राजेन्द्रसिंह राठौड सहित आधा दर्जन से अधिक नेता दौसा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यसमिति की बैठक में पहुंचे।



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मंत्री राजेन्द्रसिंह राठौड़ सहित आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने दौसा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लिया।

- कार्यकर्ताओं में नया जोश एवं उमंग भरने के लिए जिला स्तरीय कार्य समिति की बैठक आयोजित

इस दौरान भाजपाईयों ने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का भव्य स्वागत किया तथा तकरीबन दो दर्जन से अधिक स्थानों पर तोरण द्वार लगाकर फूलों की माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के काफीले के चलते दौसा शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई तथा यातायात सुचारु करने के लिए यातायात पुलिसकर्मियों को भारी मशक्कत करनी पडी।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बैठक में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुये कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होते है। कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जावेगा। कांग्रेस द्वारा फैलाये गये भ्रम के कारण भाजपा को यहां से हार का सामना करना पडा है। कार्यकर्ताओं को मायूस होने की आवश्यकता नहीं है। कार्यकर्ताओं को तवज्जो दिया जावेगा, उनके कार्य प्राथमिकता के साथ कराये जावेगें।

बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्रसिंह राठौड, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना, बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा, सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, लालसोट विधायक रामबिलास मीणा, महवा विधायक राजेन्द्र मीणा, पूर्व विधायक शंकर शर्मा, पूर्व विधायक नन्दलाल बंशीवाल, लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेन्द्र सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभुदयाल शर्मा सहित अनेक नेता शामिल हुये। इससे पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के स्वागत के लिए दौसा शहर को झंडे, पोस्टर, बैनर, तोरणद्वार से पाट दिया। तकरीबन दो दर्जन से अधिक जगहों पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा सहित अनेक नेताओं का स्वागत किया।

मैढ़ स्वर्णकार समाज का सीकर में सम्मान समारोह

जयपुर, (निसं)। राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से 21 जुलाई को सीकर में राजस्थान माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा परिणाम 2024 में कक्षा 10 व 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। समारोह में राजस्थान प्रदेश के खैरथल तिजारा जिले के छोटे से गांव इकरोटिया के ग्रामीण अंचल की बेटी प्राची सोनी सहित विभिन्न जिलों से 200 से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवीण मैढ ने बताया कि सम्मान समारोह में समाज के युवा सांसद राजेश वर्मा मुख्य अतिथि, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ जितेंद्र सोनी मुख्य वक्ता, शिक्षाविद मैढ रत्न विद्योत्तमा वर्मा, सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी, विशिष्ठ अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रसाद तोषावड करेगे।

छोटी कटेली टीबी की रोकथाम में प्रभावशाली : आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार, (निसं)। तपेदिक यानि टीबी नामक बैक्टीरिया से होती है जो मनुष्य के फेफडो पर असर डालती है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो संक्रमित व्यत्ति के खांसने, छींकने और थूकने से फैलती है।

- सूक्ष्म जीवविज्ञान के विश्व प्रसिद्ध पीयर रिव्यूड जर्नल 'फ्रंटियर्स इन माइक्रोबॉयलोजी' में पतंजलि का शोध प्रकाशित

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2022 में इस बीमारी से दुनियाभर में लगभग 1 करोड से अध्कि लोग प्रभावित थे। यह एक ठीक होने वाली बीमारी होने के बाद भी बहुत से लोग इसकी वजह से काल के ग्रास में समा जाते हैं। यह बीमारी दुनिया के लगभग सभी देशो में पफैली हुई है और भारत में भी वर्ष 1962 से ही इसकी रोकथाम के लिए सरकारी योजना चल रही हैं जिसमें रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि वर्तमान में टीबी के इलाज के लिए प्रयोग होने वाली दवाइयों में 'लिमिटेड बॉयो अवेलेबिलिटी' होने के कारण बैक्टीरिया प्राय: एक या एक से अधिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं। पतंजलि द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार छोटी कटेली का अर्क एसवीई टीबी के इलाज में प्रभावी है। इस अध्ययन का उद्देश्य टीबी के लिए एक आयुर्वेदिक उपचार विकसित करना था जिनका वर्तमान में प्रचलित टीबी की दवाइयों के साथ या अकेले भी प्रयोग किया जा सके।

इस अध्ययन में छोटी कटेली के अर्क का शोध किया गया, जोकि एमटीबी की जांच के लिए एक मॉडल सिस्टम है। छोटी कटेली के प्रभाव से इस टीबी बैक्टीरिया के विकास दर में कमी पाई गई।

उन्नत तकनीकों जैसे एसइएम और टीएलसी से पता चला कि एसवीई के इलाज से बैक्टीरिया की संरचना बदल गई और उनकी कोशिकाओं की दीवार कमजोर हो गई। ज्ञात हुआ कि एसवीई ने मॉर्डन वर्ल्ड की टीबी की दवा आईसोनियाजिड को बढाया, जिससे बैक्टीरिया की दवा के प्रति संवेदनशीलता बढ गई और दवा का प्रभाव भी बढ गया।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि अब इस अनुसंधान को सूक्ष्म जीवविज्ञान के विश्व प्रसिद्ध (पीयर रिव्यूड जर्नल 'फ्रंटियर्स इन माइक्रोबॉयलोजी') में स्थान मिला है। यह शोध टीबी पर भविष्य के अध्ययनों के लिए नींव का कार्य करेगा जिससे जनमानस को टीबी से बचाव के लिए नवीन संभावनाए मिलेंगी।

इस ऐतिहासिक अनुसंधान को मूर्तरूप देने में पतंजलि गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। पतंजलि आयुर्वेद के ज्ञान और विज्ञान के ध्वज को पूरे विश्व में पफहराने और जनमानस को साध्य और असाध्य रोगों से मुत्तिफ दिलाने के लिए पूर्ण संकल्पित है।

पतंजलि से जुडे सभी वैज्ञानिकों, कर्मयोगियों का यह ध्येय है कि आयुर्वेद का स्वर्णिम, गौरवमयी युग पिफर से लौटे और भारत के इस प्राचीन ध्रोहर का डंका पूरे विश्व में गुंजायमान हो।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने शिक्षाविद् मानसिंह नाथावत को दी श्रद्धांजलि



केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने दिवंगत मानसिंह की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिवारजनों से मिलकर सांत्वना दी।

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड के ग्राम ईटावा भोपजी में बुधवार को पर्यटन कला व संस्कृति केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पूर्व शिक्षाविद स्व. मानसिंह नाथावत के घर पहुंचकर इनको श्रद्धांजलि दी।

पिछले दिनों पूर्व शिक्षाविद मानसिंह नाथावत का देहांत हो गया था। दिवंगत मानसिंह की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद परिवारजनों से मिलकर सांत्वना दी। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि शिक्षाविद मानसिंह ने शिक्षाजगत में गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने गरीब और असाहय लोगों की मदद कि है युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, राजसमंद से पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईडवा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, राजपूत सभा जयपुर देहात अध्यक्ष मोती सिंह सांवली, ईटावा भौपजी सरपंच सुनीता राजकुमार सैनी, राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, क्षत्रीय युवक संघ के तहसील संयोजक गिरवर सिंह इटावा, भवानी सिंह मुंडोता, दरियाव सिंह, हनुमान सिंह, अभिमन्यु सिंह, राजसिंह राठौड़ आदि लोग उपस्थित थे।

- शिक्षाविद मानसिंह ने शिक्षा जगत में गांव का नाम रोशन किया है : शेखावत

खेत में भरे पानी में युवक का शव मिला

देवली, (निसं)। यहां जयपुर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुचलवाडा बाईपास के समीप बुधवार को खेत में एक युवक का शव पानी में तैरता हुआ मिला है। युवक के डूबे हुए शव को बकरियां चराने वाली एक महिला ने देखा और उक्त महिला ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सूचना पर हनुमान नगर थाना प्रभारी पुलिस कर्मियों सहित मौके पर पहुंचे।

- मृतक युवक की पहचान जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर हुई

जानकारी के अनुसार यह शव राष्ट्रीय राजमार्ग के पास मां बीजासन होटल के सामने नाथूलाल खाती के खेत पर मिला। खेत के एक हिस्से में बारिश का पानी भरा हुआ है। जिसमें जोधपुर निवासी युवक का तैरता हुआ शव दिखाई दिया। इस दौरान गौ सेवक परमेश्वर खटीक ने तुरंत इस मामले की सूचना हनुमान नगर थाना प्रभारी अयूब खा को दी। सूचना के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने महेंद्र सिंह दरोगा, परमेश्वर खटीक सहित अन्य लोगों के सहयोग शव को पानी से बाहर निकाला।

इसके बाद जहाजपुर पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह मेघवंशी भी घटना स्थल पर पहुंचे। जिन्होंने मामले की जानकारी ली। शव की पहचान में जुटे तभी पुलिस को मृतक युवक की पहचान में सफलता मिली।

जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान उसके जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर हुई। मृत युवक महिपाल सिंह पुत्र पिथाराम निवासी सांगना, चरणा जिला जोधपुर है। जिसका शव कुचलवाडा बाईपास स्थित खेत के भरे पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया।

बताया गया कि मृतक की जेब से पुलिस को मोबाइल भी मिला है। वही दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने परिजनों की पडताल शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार को सूचित किया तो वही इस जांच में पुलिस जुट गई की मृतक महिपाल सिंह कुचलवाडा बाईपास के खेतों में स्वयं आया या उसकी हत्या करके उसे यहां खेतों फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस ने अभी उक्त मामले में किसी भी प्रकार की पुष्टि नहीं की है।

मातमी धुनों के बीच में निकले ताजिए कर्बला में सुपर्द-ए-खाक हुए

मनोहरपुर, (निसं)। स्थानीय कस्बे में ताजिए का पर्व विधिवत रस्म रिवाज़ के साथ मनाया गाया। सांयकाल 7 बजे मातमी धुनों के बीच में ताजिए सुपर्द ए खाक किए गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन की कडी चौकसी व पैनी निगाह के बीच किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। इसके लिए मुस्लिम समुदाय ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान गांधी चौक बाजार में विधायक मनीष यादव, कर्बला खाकिशाह में भाजपा नेता उपेन यादव, जिला महामंत्री देवायुष सिंह ने शिरकत की। जिनका गर्मजोशी के साथ स्वागत सम्मान किया गया।

दूदू. जिला मुख्यालय पर मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहर्रम पर्व पर ताजिया निकालें धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर ताजियों को प्रमुख मार्गो से होते हुए ढोल बतासे के साथ निकाला गया। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भी मोहर्रम का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।

बौंली-बामनवास। नगर पालिका मुख्यालय बौंली पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से मोहर्रम के दिन ताजिया निकाले। ताजिया इमामबाडा से होते हुए सदर बाजार, जगन्नाथ जी का चौक, मुख्य बस स्टैंड से होकर कर्बला पहुंचे इस दौरान युवकों ने पट्टेबाजी के करतब दिखाएं।

पावटा। कस्बा में पैगंबर हजरत मोहमद साहब के नवासे इमाम हुसैन एवं उनके बहत्तर हमराहियों की शहादत पर कस्बा में बुधवार को ग्राम के बीचों-बीच स्थित शाही जामा मस्जिद से मुख्य बाजार होते हुए ढोल-ताशों की मातमी धुनों के बीच ग्राम के प्रमुख मार्गों से ताजिए का जुलूस निकाला गया। वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसुरी, नायब सदर अयूब लुहार, सचिव समीर लोहार समेत कमेटी सदस्यों द्वारा व्यवस्था की गई।

फुलेरा। कस्बे में बुधवार को दोपहर 2 बजे मुस्लिम समाज के लोगों ने इंतेजामियां ताजिया कमेटी के नेतृत्व में क्षेत्र के इमाम चौक से ताजिया की सवारी निकाली। इस दौरान ढोल व ताशे पर मातमी धुनों बजाकर ताजिये क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाले। जहां शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश करने के बाद ताजिया को सुपुर्द ए खाक किया गया। जबकि इससे पूर्व गणगौरी बाजार में दोपहर 3:30 बजे एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सांभरझील। मुहर्रम पर मुस्लिम भाइयों की ओर से परंपरागत तरीके से प्रमुख रास्तों से अनेक ताजिए निकाले गए। ताजिया देखने के लिए सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। सरसों के ताजिए को विधि विधान से सजाकर जुलूस में शामिल किया। जगह-जगह अखो. बाजो ने भी अपने करतब दिखाएं। इस दौरान कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा। सभी ताजियों को निर्धारित स्थान पर कर्बला में दफन किया गया।

चाकसू। ढोल-ताशों के बीच हैरतअंगेज करतब दिखाते पट्टेबाज, या हुसैन, या हसन, या अली के नारे लगाते अकीदतमंद। जिस भी मोहल्ले से ताजिये निकले, वहां देखने वालों की भीड उमडी।

इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में बुधवार को मोहर्रम के मौके पर कस्बे के सात ताजियों के जुलूस के दौरान यही नजारा दिखा। दोपहर बाद से मातमी धुनों के बीच शहर के विभिन्न मोहल्लों से ताजिये निकलना शुरू हुए। देर शाम को कर्बला में सुपुर्द ए खाक किये गए। मुस्लिम बन्धुओं ने अपने-अपने शारीरिक करतब एवं तलवार और पट्टेबाजी का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया जिन्हें देखकर लोगो ने दांतो तले अंगुली डाल दी। वहीं अकीदतमंदों ने ताजियों की जियारत कर मन्नतें मांगी और सहरे व निशान चढाए।



मुहर्रम पर मुस्लिम भाइयों की ओर से परंपरागत तरीके से प्रमुख रास्तों से अनेक ताजिए निकाले गए।

- अखाड़ेबाजों ने पट्टेबाजी आदि के हैरतअंगेज प्रदर्शन दिखाये

सार-समाचार

रत्ना कुमारी ने किया पौधारोपण



जयपुर, (निसं)। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा जिला उपाध्यक्ष देहात उत्तर रत्ना कुमारी शाहपुरा ने विराटनगर विधानसभा में स्थित ढाणी नया कुआं पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया की पृथ्वी पर जीवन के लिए पेड़ अपरिहार्य हैं। वे ऑक्सीजन, फल और आश्रय प्रदान करते हैं, जो पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। पेड़ जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और हवा को शुद्ध करते हैं, जिससे हमारा ग्रह रहने योग्य बनता है। इसलिए हम सबको मोदी के आव्हान पर अपने अपने घर पर एक पेड जरूर लगाना चाहिए। इस दौरान डॉ. रामकिशन सैनी, आशा सहयोगीनी श्यामा शर्मा, समाज सेवी राजेंद्र शर्मा, दीपक, मनोज, रिंकेश, भगवती देवी चाँदीदेवी, लक्ष्मी, खामोश, केशरी, रीना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

जुआ खेलते 10 गिरफ्तार, राशि जब्त

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशन में टोंक वृताधिकारी राजेश विधार्थी एवं कोतवाली थाना प्रभारी भंवरलाल ने एक विशेष टीम का गठन कर कोतवाली क्षैत्र में जुआरियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर तालकटोरा स्थान से 10 जुआंरियों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली थानाधिकारी भंवलरलाल ने बताया कि अलग-अलग टीम ने क्षैत्र के तालकटोरा में सूचना मिलने पर जुआ खेलते जुआंरियों जिसमें नासिर पुत्र प्यारे मियां जाति पठान उम्र 52 साल निवासी बावडी चोराहा, अ0नासिर पुत्र अब्दुल कवी उम्र 60 साल निवासी राज टाकीज रोड, असलम पुत्र छोटे खां जाति अब्बासी उम्र 45 साल निवासी कुम्हारो की चौकी, सईद पुत्र छुट्टू कुरैशी उम्र 51 साल निवासी मोहल्ला शोरगरान, मिसाबुद्दीन पुत्र फरीदूदीन उम्र 33 सालि निवासी रजबन, नफीस पुत्र बन्ना खां उम्र 55 साल निवासी रजबन, नईम उर्फ निब्बू पुत्र मो. मिया उम्र 39 साल निवासी खिडकी दरवाजा पुरानी टोंक, रमेश पुत्र माधोदास नाथ उम्र 41 साल निवासी बहीर व शानू पुत्र हबीब जाति मेव उम्र 38 साल निवासी तालकटोरा जिला टोंक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14850 रूपये नगद राशि जप्त की गई। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधि. में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

पर्स लौटाकर ईमानदारी दिखाई

बौंली-बामनवास, (निसं)। सवाई माधोपुर रेलवे कर्मचारी व वेतन फाउंडेशन की महिला विंग सदस्य रूमानाज हुसैन ने सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पडे मिले पर्स को उसके मालिक दिल्ली निवासी पीयूष जैन को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। रूमानाज ने बताया कि मैं अपनी ड्यूटी करके घर की ओर आ रही थी तभी अचानक प्लेटफार्म नंबर एक पर पर्स पडा मिला, आसपास कोई नहीं था जब चेक किया तो उसमें 3500 नगद, एटीएम क्रेडिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज थे। पर्स मलिक के फोन नंबर मिलने पर फोन किया तो स्वयं को पीयूष जैन बताया तथा कोटा किसी आयोजन में शामिल होकर दिल्ली लोट रहे थे तभी सवाई माधोपुर उतरने पर उनका पर्स गिर गया जो की रूमानज ने उन्हें वापस लौटा दिया।



75 दिव्यांगों को मिला प्रमाण पत्र

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा किए गए जिला नवाचार सशक्त खैरथल-तिजारा अभियान के प्रथम चरण में हुए सर्वे में चिन्हित किए गए दिव्यांगों का द्वितीय चरण में शिविर के माध्यम से नवीन चिकित्सकीय प्रमाण पत्र जारी किए गए। खैरथल किशनगढ बास के बाद बुधवार को मुंडावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 दिव्यांग जनों का 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता के प्रमाण पत्र जारी किए एवं 37 दिव्यांग जनों को रेफर किया गया। गुरुवार को दूसरे दिन कैंप लगाया जाएगा। शिविर के दौरान एसडीम सुरेंद्र सिंह सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री ने सड़क मार्ग दुरस्त करने के दिये आदेश

मालपुरा, (निसं)। धर्म नगरी डिग्गी में 11 अगस्त से शुरू होने वाले 59वें लक्खी मेले से पूर्व डिग्गी धाम की और आने वाले सडक मार्गो की दुर्दशा को लेकर पग-पग पर हुये गहरे गड्डों से होकर डिग्गीधाम पहुंचेगें कल्याण भक्त शीर्षक से खबर प्रकाशित होने पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने मेले से पूर्व खबर में दर्शाये गये सभी सडक मार्गो को दुरस्त करने के आरएसआरडीसी यूनिट टोंक को आदेश दिये। टोंक परियोजना निदेशक ने बताया कि बीते दिनो हुई भारी बरसात के चलते सभी सडकों पर गहरे गड्डे हो जाने व सडक क्षतिग्रस्त हो जाने की मिली जानकारी व रिपोर्ट के बाद उक्त सडकों पर पेंच मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भिजवा निविदा पूर्ण करने सहित जल्द कार्य आदेश जारी कर पेंच वर्क कार्य पूर्ण करवा लिये जायेगें।

जगन्नाथ जी-जानकी मैया का विवाह संपन्न

अलवर, (निसं)। भगवान जगन्नाथ महाराज का मेला परवान चढा हुआ है। बुधवार को रूपबास में भगवान जगन्नाथ जी महाराज और जानकी मैया का विवाह समारोह धूमधाम से मनाया गया। वर पक्ष और वधू पक्ष की और से देर रात वरमाला महोत्सव हुआ जिसका साक्षी पूरा अलवर रहा। बुधवार को भगवान जगन्नाथ जी के विवाह समारोह के बाद चार माह देव सौ जाएगे यानि बुधवार को हिन्दू समाज का अन्तिम सावा है इसके बाद चार माह देव उठनी ग्यारस तक कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाएगे।बुधवार को प्रात जगन्नाथ मंदिर से जानकी मैया की शोभायात्रा निकाली गई जो प्रमुख बाजारों से होती हुई रूपबास पहुंची। इसके आगे 11सौ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

अघोषित विद्युत कटौती व ट्रीपिंग से आमजन परेशान

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे में जहां भीषण गर्मी व उमस के मौसम में अघोषित बिजली कटौती व ट्रीपिंग से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की हदें इस कदर पार हो गई हैं कि अपनी ड्यूटी के प्रति गैर जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाते हुए एईएन से लेकर जेईएन तक ने अपने फोन अघोषित बिजली कटौती के दौरान बंद रखे।

- बिजली विभाग के अधिकारियों ने किये फोन बंद

हद तो उस वक्त हो जाती है जब बिजली महकमें के तमाम जिला स्तरीय अधिकारी व जिला कलेक्टर तक कोटपूतली में बैठते हैं लेकिन गैर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आखिर कोई कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे? जानकारी अनुसार कस्बे के बडाबास फिडर से रात्रि के समय होने वाली ट्रीपिंग से लोगों के घरों में जहां बिजली लाईनें फॉल्ट हो गई है। वहीं उपकरण भी खराब हो गये। इसी प्रकार रामसिंहपुरा फिडर से रोजाना अघोषित विधुत कटौती की जाती है। पीडित लोगों का कहना है कि रोजाना रात्रि 10 बजे बिजली काट ली जाती है, जो कि रात्रि 12.30 से 1 बजे तक विधुत कटौती निरन्तर जारी रहती है। इसके साथ ही दिन में कई बार बिजली काट ली जाती है। जिससे ना केवल लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड रहा वहीं उनके रोजमर्रा के कार्य भी बाधित हो रहे हैं।



एक मौका ऐसा भी आया जब उनका दिमाग सुन्न हो गया था, कुछ भी नहीं सूझ रहा था
- रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीत से जुड़ा एक मोमेंट शेयर किया।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



कपिल देव

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने बुधवार को पेरिस में ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय एथलीटों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे इस महाकुंभ में निडर होकर अपना प्रदर्शन करने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पदक तालिका में दोहरे अंक तक पहुंचेगा। 26 जुलाई से शुरू हो रहे आगामी टूर्नामेंट के लिए भारत ने 117 एथलीटों का दल भेजा है। देश को इनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। कपिल देव ने ट्रिनिटी गोल्फ चैम्पियंस लीग के दूसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह में कहा, ''मैं वास्तव में किसी के लिए कुछ नहीं कह सकता। लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीडवुड स्मिथ के इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

एशिया कप में हिस्सा लेने श्रीलंका पहुंची भारतीय महिला टीम

नई दिल्ली, 17 जुलाई। महिला टी20 एशिया कप 2024 श्रीलंका की धरती पर होने जा रहा है। एशिया कप के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान पहले ही कर दिया गया था। टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के हाथों में है। वहीं उपकप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना को मिली है। भारतीय टीम अपना पहला मैच पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ 19 जुलाई को खेलेगी। अब इससे पहले ही भारतीय टीम महिला टीम श्रीलंका पहुंची है और इसकी तस्वीरें सामने आई हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम 19 जुलाई से दाम्बुला में होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने के लिए पहुंची है। श्रीलंका क्रिकेट ने भारत और बांग्लादेश की टीमों के आगमन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, श्रेयंका पाटिल और जेमिमा रोड्रिगेज एयरपोर्ट से निकलती हुई दिखाई दे रही हैं।

श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूज़ीलैंड का दौरा

क्राइस्टचर्च 17 जुलाई। आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूज़ीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज़ की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूज़ीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीज़न के दौरान छह वनडे और आठ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूज़ीलैंड सिर्फ़ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूज़ीलैंड की टीम अफ़ग़ानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज़ खेलेगी। 2025-26 सीज़न में न्यूज़ीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज़ के बाद न्यूज़ीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ 20 और वनडे सीरीज़ खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज़ खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फ़रवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफ़ी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीज़न के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेज़बानी पांच टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवत: आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूज़ीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेज़बानी करेगी। उस दौरान तीन वनडे मैचों की सीरीज़ खेली जाएगी। इसके अलावा मार्च के अंत में तीन टी20 मैचों की सीरीज़ भी होगी। श्रीलंका की महिला टीम मार्च के दौरान छह मैचों के दौरे के लिए न्यूज़ीलैंड जाएगी।

पेरिस ओलिंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

एथेंस, 17 जुलाई। पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।

विश्व जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप : भारत के शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक

ह्यूस्टन 17 जुलाई । रत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में मंगलवार को आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइज़र को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टाबेल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है। इससे पहले एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता कुश कुमार ने साल 2014 में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले आखिरी भारतीय थे। वहीं, गर्ल्स टूर्नामेंट में अनाहत सिंह क्वार्टरफाइनल से आगे बढ ने में असफल रहीं, जो दो बार की एशियाई खेलों की पदक विजेता रह चुकी हैं। ज्ञातव्य है कि अनाहत ने एक भी सेट गंवाए बिना क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन मिस्त्र की नादियान एल्हामामी के खिलाफ शुरुआती दो सेट हार गईं। उन्होंने गेम को पांचवें सेट तक ले जाने के लिए शानदार वापसी की, लेकिन एल्हामामी ने उन्हें 13-11 से हराकर भारतीय खिलाड़ी को पदक से पीछे धकेल दिया। भारतीय खिलाड़ी को मिस्त्र की नादियान एल्हामामी के खिलाफ 8-11, 9-11, 11-5, 12-10, 11-13 से हार मिली।

भारतीय स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को हर इवेंट में गोल्ड जीतने की आदत

भारत के गोल्डन ब्वॉय की कहानी, अब तक आठ गोल्ड व दो रजत जीत चुके हैं



नई दिल्ली, 17 जुलाई। जैवलिन थ्रो की बात हो और नीरज चोपड़ा का नाम न लिया जाए ऐसा हो नहीं सकता। नीरज चोपड़ा को आप गोल्डन ब्वॉय कह लीजिए या फिर गोट। गोट माने ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम। नीरज चोपड़ा ने इस नाम को अपनी मेहनत से कमाया है। दुनियाभर में खेले जाने वाले कई प्रतियोगिताओं में नीरज चोपड़ा ने अपना डंका बजाया है। ओलंपिक हो, कॉमनवेल्थ गेम्स या फिर एशियन गेम्स, उनके जैवलिन ने हर बार गोल्ड पर सटीक निशाना लगाया। 26 साल के नीरज चोपड़ा के इन उपलब्धियों ने पूरे देश में जैवलिन थ्रो का लेवल काफी ज्यादा बढ़ा दिया। हाल के समय में उन्होंने लंबे इंजरी ब्रेक के बाद वापसी की है और भारत का गोल्डन ब्वॉय एक बार फिर से ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

भारतीय स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को लगभग हर इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने की आदत सी हो गई है। नीरज चोपड़ा ने इंटरनेशनल लेवल पर साल 2016 से भारत का नाम रौशन करना शुरू कर दिया था। उस वक्त वह सिर्फ 19 साल थे। जिस उम्र में भारत के नौजवान अपने करियर के बारे में ज्यादा कुछ सोच नहीं पाते हैं।

उस उम्र में नीरज ने भारत के लिए साउथ एशिआई खेलों में गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद से ही नीरज चोपड़ा ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार भारत के लिए बड़े इवेंट पर गोल्ड मेडल जीतते रहे। उनके करियर में साल 2021 में सबसे बड़ा मोड़ लिया। जब उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए इकलौता गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस मेडल ने करोड़ों भारतीय फैंस को ये उम्मीद दी कि भारत इन खेलों में भी अच्छा कर सकता है। नीरज चोपड़ा ने अपने करियर में - दक्षिण एशियाई खेल 2016 में गोल्ड, एशियन चैंपियनशिप 2017 में गोल्ड, कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में गोल्ड, एशियन गेम्स 2018 में गोल्ड, टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड, एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड, डायमंड लीग 2022 में गोल्ड, विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत, विश्व चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड, डायमंड लीग 2023 में रजत जीते हैं।

708 बीसी में प्राचीन ओलंपिक खेलों में जैवलिन थ्रो को शामिल किया गया था लेकिन उस समय, जैवलिन एक स्टैंडअलोन खेल नहीं था बल्कि मल्टी-स्पोर्ट पेंटाथलॉन इवेंट का हिस्सा था। लेकिन साल 1908 में पहली बार लंदन ओलंपिक गेम्स में जैवलिन को आधुनिक यानी कि मॉडर्न ओलंपिक गेम्स का हिस्सा बनाया गया। महिलाओं के जैवलिन थ्रो की शुरुआत 1932 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हुई।

नई टी-20 रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल का बड़ा धमाका

सूर्यकुमार यादव अभी भी पहले नंबर की कुर्सी पर काबिज



नई दिल्ली, 17 जुलाई। आईसीसी की ओर से नई टी20 रैंकिंग जारी कर दी गई है। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अभी भी पहले नंबर की कुर्सी पर काबिज नहीं हो पाए हैं। लेकिन अब बड़ी बात ये हुई है कि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट सूर्या के बिल्कुल करीब पहुंच गए हैं। इनके बीच रेटिंग का कोई भी अंतर नहीं रह गया है, हालांकि रैंकिंग में जरूर सूर्यकुमार यादव साल्ट से आगे दिख रहे हैं। इस बीच भारत के स्टार बल्लेबाजों में शुमार हो चुके यशस्वी जायसवाल ने धमाल मचाया है, वे लंबी छलांग लगाने में कामयाब हुए हैं।

टी20 की लेटेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड अभी भी नंबर एक की कुर्सी पर काबिज हैं। वे 844 की रेटिंग तक जा पहुंचे हैं। पिछले कुछ हफ्ते से वे पहले ही नंबर पर बने हुए हैं। इस बीच भारत के सूर्यकुमार यादव नंबर दो पर हैं और अब तो उनकी नंबर दो की कुर्सी पर भी खतरा दिख रहा है। टी20 की नई आईसीसी रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव 797 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इतनी ही रेटिंग इंग्लैंड के फिल साल्ट की भी है। वे भी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

सूर्या को दरअसल नुकसान इसलिए हुआ है, क्योंकि वे जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज नहीं खेल रहे थे। लेकिन अब श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज में वे खेलते हुए नजर आएंगे, यानी उनके पास मौका होगा कि फिल साल्ट से ज्यादा रेटिंग लेकर वे अपनी नंबर दो की कुर्सी और पुख्ता करें, साथ ही ट्रेविस हेड के करीब पहुंचा जाए।

इन तीन टॉप 3 खिलाड़ियों के बाद की बात करें तो पाकिस्तान के बाबर आजम 755 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। वहीं पाकिस्तान के ही मोहम्मद रिजवान 746 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं। इनकी रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के यशस्वी जायसवाल ने रैंकिंग में लंबी छलांग मारी है। वे अब 743 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई अपनी पारियों की बदौलत उन्होंने चार स्थानों की छलांग मारने में कामयाबी हासिल की है।

यशस्वी जायसवाल के आगे जाने से कुछ और बल्लेबाजों को नुकसान हुआ है। इंग्लैंड के जॉस बटलर 716 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। भारत के ही रुतुराज गायकवाड की रेटिंग इस वक्त 684 की है और वे भी एक स्थान के नुकसान के साथ नंबर 8 पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के ब्रेंडन किंग की रेटिंग 656 है, वे एक स्थान के नुकसान के साथ नंबर 9 पर आ गए हैं। वेस्टइंडीज के ही जानसन चार्ल्स 655 की रेटिंग के साथ नंबर दस पर आ गए हैं, उन्हें भी एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है। इस बीच साउथ अफ्रीका के एडन मारक्रम टॉप 10 से बाहर होकर नंबर 11 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 646 की है।

जहीर खान हैं मेरे आदर्श : रेणुका सिंह

मुंबई 17 जुलाई। भारत की मध्यम तेज गेंदबाज रेणुका सिंह पूर्व क्रिकेटर जहीर खान को अपना आदर्श मानती हैं और उन्ही की तरह गेंदबाजी करना चाहती हैं। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में रेणुका ने कहा मैं सिर्फ एक अच्छी गेंद फेंकने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं विकेट के बारे में नहीं सोचती। मैं सिर्फ गेंद को अच्छे क्षेत्र में मारने के बारे में सोचती हूं क्योंकि आपको विकेट अपने आप मिल जाता है। मैं सोचती हूं कि मैं अपना ओवर कैसे फेंक सकती हूं और जब बहुत सारी डॉट गेंदें होती हैं, तो आपको विकेट भी अपने आप मिल जाते हैं। मेरा लक्ष्य हमेशा गेंद को अच्छे क्षेत्र में डालना होता है। उन्होने कहा मेरी प्रेरणा हमेशा जहीर खान रहे हैं, जब मैं पहली बार यहां आयी थी तो मैंने सोचा कि मैं भी उनके जैसा बनना चाहती हूं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टीम को एक इकाई के तौर पर खेलने को तरजीह देते हुये कहा मुझे लगता है कि टीम में ऐसा माहौल होना चाहिए कि हर कोई एक-दूसरे की कंपनी का आनंद उठा सके और अपनी भावनाओं को एक-दूसरे के साथ साझा कर सके और जब माहौल ऐसा हो तो टीम का प्रदर्शन भी अच्छा हो जाता है।

श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर की हत्या, बदमाशों ने सरेआम मारी गोली

निरोशन ने 2002 में श्रीलंका की अंडर-19 क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी

नई दिल्ली, 17 जुलाई। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर धम्मिका निरोशन की मंगलवार रात अंबालांगोडा में उनके घर के बाहर एक व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी। निरोशन ने 2002 में श्रीलंका की अंडर-19 क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी, लेकिन अपने छोटे से पेशेवर करियर के दौरान वह कभी सीनियर टीम के लिए नहीं खेले। 41 साल के निरोशन की कथित तौर पर उनके घर के बाहर हत्या कर दी गई और श्रीलंकाई पुलिस हमलावर की पहचान करने के लिए मामले की जांच कर रही है।

श्रीलंका पुलिस के प्रवक्ता ने कहा इस हत्या को लेकर कहा कि गोलीबारी में शामिल संदिग्ध को गिरफ्तार करने के लिए जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि यह घटना गिरोहों के बीच आपसी लड़ाई का परिणाम है। निरोशन ने 2000 में श्रीलंका के लिए अंडर-19 में डेब्यू किया था और घरेलू टूर्नामेंट में गैले स्पोर्ट्स क्लब के लिए खेला। निरोशन एक तेज गेंदबाज थे जो कभी-कभार बल्लेबाजी में भी योगदान दे सकते थे। उन्होंने 2002 में कुछ समय के लिए श्रीलंका की अंडर-19 मेंस क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी, लेकिन सीनियर टीम में जगह नहीं बना पाए।

श्रीलंका के कई बड़े क्रिकेटर जैसे कि एंजेलो मैथ्यूज , उपुल थरंगा और फरवीज महारूफ अंडर-19 क्रिकेट टीम में निरोशन के नेतृत्व में खेले। उन्होंने 12 फर्स्ट क्लास मैच खेले, जिसमें उन्होंने 26.89 की शानदार गेंदबाजी औसत से 19 विकेट लिए। निरोशन ने आठ लिस्ट ए खेलों में पांच विकेट भी लिए, जिसमें 18 रन देकर दो विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 19 फर्स्ट क्लास पारियों में 14.94 की औसत से 269 रन बनाए और तीन लिस्ट ए पारियों में 48 रन बनाए।

ओलंपिक में पहली बार खेलेंगे 72 भारतीय प्लेयर्स

14 साल की धिनिधि देसिंधु हैं सबसे युवा प्लेयर

नई दिल्ली, 17 जुलाई। खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरुआत 26 अगस्त हो रही है। इस पर सारी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना हर खिलाड़ी का सपना होता है। ओलंपिक में हर देश केसर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिएभारतीय खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक के लिए 117 प्लेयर्स को मंजूरी दी है। इस बार भारत के मेडल की संख्या दोहरे अंक में पहुंचने की पूरी उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की तरफ से लगभग 72 एथलीट ओलंपिक में डेब्यू करेंगे और पहली बार ओलंपिक में उतरने जा रहे हैं। पहली बार ओलंपिक में हिस्सा लेने वालोंमें दो बार की मुक्केबाजी चैंपियन निकहत जरीन, जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल और रीतिका हुडा, ज्योति याराजी और सनसनीखेज जैवलिन थ्रोअर किशोर कुमार जेना शामिल हैं। किशोर कुमार जेना से भारत को मेडल की उम्मीदें हैं।

14 साल की धिनिधि देसिंघु पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले सबसे कम उम्र की भारतीय प्लेयर होंगी। वह तैराकी के 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाली हैं। वह भारत की तरफ से ओलंपिक के इतिहास में दूसरी सबसे कम उम्र की प्लेयर हैं। सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक में भाग लेने का रिकॉर्ड आरती साहा के नाम है।

टल गया टीम इंडिया का सेलेक्शन, बड़े उलटफेर संभव

टी-20 के नए कप्तान को लेकर फंसा हुआ है पेंच

नई दिल्ली, 17 जुलाई। भारत बनाम श्रीलंका सीरीज का आगाज 27 जुलाई से होना है, लेकिन अभी तक इसके लिए टीम का ऐलान नहीं किया जा सका है। मंगलवार देर शाम खबर आई थी कि सभी सेलेक्टर्स बुधवार को मीटिंग करेंगे और इसके बाद भारतीय टीम का ऐलान इस सीरीज के लिए कर दिया जाएगा। लेकिन अब पता चला है कि आज भी सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग नहीं हो पाई। इस बीच खबर है कि सीरीज को लेकर कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। खास तौर पर टी20 के नए कप्तान को लेकर भी निर्णय लिया जाना बाकी है।

भारतीय टीम जल्द ही श्रीलंका दौरे पर रवाना होने वाली है। सीरीज में पहले तीन टी20 मुकाबले खेले जाएंगे, इसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी। सीरीज के शुरू होने में अब ज्यादा वक्त नहीं है, लेकिन टीम कौन सी होगी, कप्तान कौन होगा, इसका फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। दरअसल भारत के लिहाज से ये बड़ी सीरीज होनी है। टीम इंडिया ने साल 2024 का टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है और अब बीसीसीआई की कोशिश है कि साल 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अभी से तैयारी की जाए। ऐसे में अभी से लेकर साल 2026 तक कप्तानी की जिम्मेदारी कौन संभालेगा, इसको लेकर पेंच फंसा हुआ है। पहले हार्दिक पांड्या का नाम चल रहा था, लेकिन इसके बाद अचानक से सूर्यकुमार यादव पिक्चर में आते हैं।

पता चला है कि हार्दिक पांड्या इंजरी से जूझते रहते हैं, इसलिए सूर्यकुमार यादव पहली पसंद बनकर उभरे हैं। इसके साथ ही अगले साल फरवरी से लेकर मार्च तक चैंपियंस ट्रॉफी भी होनी है। इससे पहले टीम इंडिया को केवल 6 वनडे मुकाबले खेलने हैं। अभी श्रीलंका से तीन मुकाबले होंगे, इसके बाद इंग्लैंड से भी इतने ही वनडे मैच होने हैं। यानी तैयारी के लिए वक्त कम है। ऐसे में बीसीसीआई चाहता है कि सभी खिलाड़ी इस सीरीज में खेलें, ताकि तैयार हो सके। पहले रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह के रेस्ट की खबरें सामने आई थीं, लेकिन बाद में पता चला कि रोहित शर्मा की वापसी हो सकती है। यानी इस टीम में भी कुछ बड़े बदलाव देखने के लिए मिल सकते हैं।

टीम इंडिया में जल्द होगी मो. शमी की वापसी

नई दिल्ली, 17 जुलाई। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से क्रिकेट से दूर हैं। पैर में चोट की वजह से उन्हें टीम इंडिया से बाहर हैं। पिछले कुछ महीनों से शमी वापसी पूरा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसी बीच अब उन्होंने सोशल मीडिया पर गेंदबाजी प्रैक्टिस के कुछ वीडियो शेयर किए हैं। ज्ञात हो कि शमी ने चोट के बावजूद वनडे वर्ल्ड कप में कमाल का प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्होंने फरवरी में एड़ी की सर्जरी कराई। इसी के चलते वह आईपीएल 2024 और टी20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेल सके।

श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में खेल सकते है रोहित शर्मा

विराट कोहली और बुमराह नहीं होंगे उपलब्ध

नई दिल्ली, 17 जुलाई। भारतीय टीम ने जून में टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता और जुलाई केपहले और दूसरे हफ्ते में टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज खेली। वहीं अब टीम इंडिया को अगला दौरा श्रीलंका का करना है। जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। टी20 सीरीज के लिए स्पष्ट है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं जबकि जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे।

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया है कि हर खिलाड़ी को तीनों फॉर्मेट के लिए उपलब्ध रहना होगा। ऐसे में क्या रोहित, विराट और बुमराह पर वनडे सीरीज खेलने का दबाव है? तो इसका जवाब है नहीं, क्योंकि बोर्ड ने इन तीनों दिग्गजों को रियायत दी है। हालांकि, रोहित शर्मा की ओर से कुछ संकेत मिल रहे हैं कि वह अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपने आप को उपलब्ध करा सकते हैं। इस बात को देखते हुए कि फरवरी-मार्च 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बहुत कम वनडे मैच टीम इंडिया को खेलने हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो इसकी वजह है कि रोहित शर्मा इन तीनों वनडे मैचों में नजर आ सकते हैं। वे फिलहाल यूएस में अपनी छुट्टियां मना रहे हैं। उम्मीद है कि वह बीसीसीआई को अपनी उपलब्धता के बारे में जल्द सूचित करेंगे। संभवत: बुधवार को ऑनलाइन होने वाली बैठक से पहले वह बोर्ड को अपना भेज देंगे। अगर रोहित वनडे सीरीज में खेलने का फैसला करते हैं तो वह निस्संदेह टीम की अगुवाई करेंगे। लेकिन जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को श्रीलंका सीरीज के लिए आराम दिया गया है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना कम ही है।

कोहली और बुमराह आईपीएल 2024 के बाद टी20 वर्ल्ड कप में खेले थे और अब जल्द वे बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में भी खेलते हुए नजर आएंगे। टेस्ट सीरीज भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से काफी मायने रखती है। वहीं, इनकी जगह अन्य खिलाड़ियों को आजमाया जा सकता है।

कपिल देव ने टीजीसीएल के दूसरे संस्करण की घोषणा की

सितंबर माह में बेंगलुरु में होने वाली यह रोमांचक प्रतियोगिता


नयी दिल्ली, 17 जुलाई। पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ट्रिनिटी गोल्फ चैम्पियंस लीग (टीजीसीएल) के दूसरे संस्करण के साथ वापस आ चुके हैं, यह वह टूर्नामेंट है जो भारतीय गोल्फ को एक टीम स्पोर्ट का आकार दे रहा है। सितंबर माह में बेंगलुरु में होने वाली यह रोमांचक प्रतियोगिता खिलाड़ियों की प्रतिभा और रणनीतिक टीमवर्क का एक अभूतपूर्व मिश्रण होगी।

कपिल देव ने यह घोषणा करते हुये कहा गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसमें उच्च स्तर का कौशल और फोकस चाहिए होता है। लेकिन इस खेल को अक्सर एक व्यक्तिगत प्रयास के तौर पर देखा जाता है। टीजीसीएल के दूसरे संस्करण में हम पेशेवरों, अमेच्योर और सेलिब्रिटी गोल्फरों को एक साथ ला रहे हैं जो एक टीम के तौर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस तरह जो सौहार्द और रणनीतिक सहयोग देखने को मिलेगा वह गोल्फ के प्रशंसकों के लिए अभूतपूर्व होगा। हम 8 टीमों को प्रस्तुत करते हुए बहुत रोमांचित हैं जिनमें एक टीम विदेशी है। कैप्टिवेटिंग टीम फॉरमेट एवं देश-विदेश के प्रतिभाशाली गोल्फरों की सहभागिता के साथ टीजीसीएल का दूसरा संस्करण वादा करता है कि गोल्फ प्रेमियों एवं खेलों का शौक रखने वालों के लिए यह बेहद दिलचस्प अनुभव होगा।

इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों में से एक है वेव सिटी की वेव राइडर्स। कंपनी ने घोषणा की है कि उनकी फ्लैगशिप टीम प्रतिष्ठित ट्रिनिटी गोल्फ चैम्पियनशिप लीग 2024 में सहभागिता के साथ पेशेवर गोल्फ में डेब्यू करने जा रही है। वेव ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजीव गुप्ता ने इस पहल पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम टीजीसीएल 2024 का हिस्सा बनने पर बेहद खुश हैं। टीजीसीएल के जरिए हमारा प्रवेश पेशेवर खेलों में हो रहा है और यह पहल वेव सिटी की अचल प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है कि हम सेहत, कल्याण और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जुटे हुए हैं। यह इनोवेटिव टीम फॉरमेट एक फलती-फूलती गोल्फिंग कम्यूनिटी को प्रोत्साहित करने की हमारी सोच से पूरी तरह मेल खाता है। वेव राइडर्स एक जज़्बा है जो गोल्फ प्रेमियों के विभिन्न समूहों को एकजुट करता है। हमें विश्वास है कि ये खिलाड़ी बडे पैमाने पर लोगों को गोल्फ का आनंद लेने को प्रेरित करेंगे।

सितंबर 2023 में टीजीसीएल का पहला टूर्नामेंट हुआ था जो बहुत सफल रहा था। इस साल इस प्रतियोगिता में न्यूनतम चार टूर्नामेंट राउंड होंगे जिन्हें आईपीएल शैली के फॉरमेट में खेला जाएगा। इसमें भारत के सात शहरों तथा श्रीलंका की एक टीम भाग ले रही है। ये सभी टीमें बेंगलरु में होने जा रही प्रतिस्पर्धा में विजयी होने के लिए मुकाबला करेंगी।

इस राइडर्स कप फॉरमेट ने सहयोग एवं टीम भावना में एक रोमांचक परत जोड दी है जिससे प्रत्येक मैच एक रोमांचक प्रतियोगिता में बदल जाएगा। मुकाबले में जोश इसलिए और भी ज्यादा बढ जाएगा क्योंकि पेशेवर गोल्फरों के संग सेलिब्रिटी गोल्फर एवं अमेच्योर गोल्फर भी खेल रहे होंगे। विजेता टीम एक बड़ा नकद ईनाम लेकर जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का आकर्षण और ज्यादा बढ़ गया है।



जम्मू-कश्मीर के डोडा में गत मंगलवार को हुई आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुये बिजेन्द्र सिंह दौराता और अजय सिंह नरुका की पार्थिव देह को बुधवार को उनके पैतृक गाँव लाया गया। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने झुंझुनू में दोनों शहीदों के परिवारजनों से मुलाकात की। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अंतिम यात्रा में शहीदों की पार्थिव देह को कंधा दिया। सेना की तरफ से शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए तिरंगा यात्रा भी निकाली गई जिसमें बहुत बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रवासी एवं ग्रामीण जन सम्मिलित हुये।

शंकराचार्य को केदारनाथ धाम समिति ने सुप्रीम कोर्ट जाने का चैलेंज दिया

- **केदारनाथ धाम से 228 किलो सोना गायब होने के आरोपों पर मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा है कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को झूठे आरोप लगाने और रोज प्रेस कॉन्फ्रेन्स करने की आदत पड़ गई है।**
- **केदारनाथ धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा, एक संत के रूप में मैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी का सम्मान करता हूं। वे सुबह से शाम तक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं। इतनी तो नेता भी नहीं करते। चर्चा में बने रहना और मीडिया की सुर्खियां बटोरना उनकी आदत है।**

केदारनाथ, 17 जुलाई। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पिछले दिनों केदारनाथ धाम से 228 किलो सोना गायब होने के दावे पर केदारनाथ धाम समिति की ओर से उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाने का चैलेंज मिला है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजयेंद्र अजय ने शंकराचार्य पर सनसनी फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की आदत है कि वे रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं और आरोप लगाते हैं, उन्हें चर्चा में रहने की आदत पड़ गई है।

अजयेंद्र अजय ने कहा, एक संत के रूप में मैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी का सम्मान करता हूं। वह सुबह से शाम तक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं। इतनी तो नेता भी नहीं करते। चर्चा में बने रहना और मीडिया की सुर्खियां बटोरना उनकी आदत है। मैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे केदारनाथ को लेकर लगाए आरोपों पर तथ्य सामने लाएं। इसके बाद वे अथॉरिटी का रुख करें और जांच की मांग करें। यदि उन्हें किसी अथॉरिटी पर भरोसा नहीं है तो फिर हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाएं। उनके पास कोई तथ्य नहीं है तो फिर केदारनाथ धाम का नाम खराब करने की उन्हें इजाजत नहीं है।

उन्होंने आरोपों पर मंदिर समिति का पक्ष रखते हुए कहा, केदारनाथ धाम को जो स्वर्णमंडित कराया गया है, उसमें हमारा कोई लेना-देना नहीं है। यह काम मुंबई के एक दान दाता ने किया है। मंदिर समिति और सरकार से इसका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने देश के तमाम मंदिरों में यह काम कराया है। मुंबई के सिद्धि विनायक, काशी विश्वनाथ मंदिर समेत कई मंदिरों में उन्होंने ऐसा काम कराया है। इस तरह के आरोपों से देश के उन दान दाताओं को भी ठेस पहुंचती है, जो आस्था रखते हैं।

अजयेंद्र अजय ने सोना गायब किए जाने की अफवाहों पर भी विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट करूंगा कि केदारनाथ धाम में जो सोना लगा है, वह 23 किलो के करीब है। उससे पहले यहां चांदी की प्लेटें थी। उनका वजन 230 किलोग्राम की थीं। तब मीडिया के कुछ लोगों ने अनुमान लगाया कि 230 किलो चांदी की जगह उतना ही सोना आया होगा और कम लगा है। इससे भ्रम पैदा किया गया। लेकिन सोने के साथ ऐसा नहीं होता है।

झुंझुनूं जिले के दोनों शहीदों को नम आँखों ने दी विदाई

शहीद बिजेंद्र को बड़े बेटे विहान ने और अजय सिंह को भाई ने मुखाग्नि दी

- **पति की पार्थिव देह देखकर बेसुध हुई वीरांगना।**
- **कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने वीर सपूतों के परिवारजनों से मिल ढांढस बंधाया।**

खेतड़ी, 17 जुलाई (निसं)। जम्मू- कश्मीर के डोडा जिले में आंतकियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए डूमौली कलां पंचायत की खुबा की ढाणी के बिजेंद्र सिंह व भैसावता कलां के अजय सिंह नरूका की पार्थिव देह बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गई। शहीद बिजेंद्र सिंह दौराता को उनके बड़े बेटे विहान ने और अजय सिंह नरूका को उनके भाई ने मुखाग्नि दी।

कैबिनेट मंत्री व झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शहीदों के परिवारजनों से झुंझुनूं में मुलाकात की एवं उन्हें ढांढस बंधाया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि, वीरधरा राजस्थान के इन शूरवीरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

शहीद अजय सिंह व बिजेंद्र सिंह की पार्थिव देह को जम्मू कश्मीर से विशेष विमान से जयपुर लाया गया। एयरपोर्ट पर सेना के जवानों ने पार्थिव देह को सलामी दी उसके बाद दो अलग-अलग एम्बुलैंस में अजय सिंह नरूका की पार्थिव देह को भैसावता कलां तथा शहीद बिजेंद्र सिंह के पार्थिव देह को सिंघाना भेजा गया। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने एवं उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए ग्रामीणों एवं आस-पास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सेना के वाहनों में दोनों शहीदों की पार्थिव देह के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहीद अजय सिंह व बिजेंद्र सिंह की तिरंगा यात्रा मुरादपुर से शुरू होकर करीब दो घंटे बाद उनके पैतृक गांव पहुंची। शहीद बिजेंद्र सिंह की अंतिम विदाई यात्रा के दौरान रास्ते में महिलाओं, पुरूष व बच्चों की ओर से पुष्प वर्षा कर अंतिम विदाई दी। वहीं डूमौली खुर्द में जेसीबी पर चढ़कर युवाओं ने फूल बरसाए।

इस दौरान जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एस.पी. राजर्षि वर्मा ने शहीद वीरांगना से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया तथा उनका ढांढस भी बंधवाया। शहीद अजय सिंह व बिजेंद्र सिंह के शव जब उनके घर पहुंचे तो घर में कोहराम सा मच गया। इस दौरान परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। दोनों शहीदों की वीरांगना बार-बार बेसुध हो रहीं थीं, स्थिति को देखते हुये चिकित्सा विभाग की ओर से डॉक्टरों की टीम भी तैनात की गई। शहीद बिजेंद्र सिंह के अंतिम दर्शन परिवार को करवाने के बाद पास ही खेत में बने अंत्येष्टी स्थल ले जाया गया। वहीं अजय सिंह को राजकीय स्कूल के पास ले जाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व सेना के जवानों की ओर से पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राजस्थान पुलिस व जयपुर से आई जाट रेजीमेंट, 10 राष्ट्रीय राइफल व यूनिट के जवानों की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम, सांसद बृजेंद्र सिंह ओला, पूर्व सांसद नरेंद्र खिचड़, संतोष अहलावत, खेतड़ी विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, सुरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, हजारीलाल गुर्जर, खेतडी प्रधान मनीषा गुर्जर, बुहाना प्रधान हरिकृष्ण यादव, पूर्व प्रधान हरपाल सिंह राव, सिंघाना चेयरमेन विजय पांडे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा, चिड़ावा सैनिक कल्याण बोर्ड के कर्नल सुरेश जांगिड, सुबेदार सुभाष भास्कर, नायब सुबेदार रामसिंह, सुबेदार राजकुमार पुनिया, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष योगेश गुर्जर, रामकुमार बड़सरा, सरपंच सुभाषचंद गर्सा सहित अनेक लोग मौजूद थे। डूमौली कलां के बिजेंद्र सिंह की शहादत की खबर पूरे गांव को ज्ञात हो चुकी थी लेकिन शहीद का परिवार इस बात से बिल्कुल अनजान था।

परिवारजनों को गांव वालों से बिजेन्द्र सिंह की शहादत की बात का पता चला। डोडा जिले में आंतकी हमले में शहीद हुआ भैसावता कलां निवासी अजय सिंह नरूका का परिवार सेना से जुड़ा हुआ है। पिता कमल सिंह सेना से रिटायर हैं, जबकि चाचा कायम सिंह वर्तमान में भारतीय सेना की 23 राजपूत रेजिमेंट में सेवाएं दे रहे हैं। कायम सिंह की बहादुरी पर पिछले साल उन्हें सेना मेडल से नवाजा गया था। अजय सिंह भी बचपन से ही सेना में जाने की इच्छा रखा करते थे।

दूसरे ही दिन कर्नाटक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने का भी उद्देश्य पूरा हो सके तथा स्थानीय भाषा एवं संस्कृति का संरक्षण एवं उन्नयन हो सके। राज्य के व्यवसाय एवं उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियाँ, जैसे बायोकॉन की किरण मजूमदार शाह, ने भी नई श्रम एवं रोजगार नीतियों में सावधानी एवं सतर्कता बरतने पर जोर देते हुये कहा है, "जहाँ एक प्रौद्योगिकी हब के रूप में कुशल प्रतिभाओं की आवश्यकता है तथा लक्ष्य स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है, वहीं हमें इस कदम के द्वारा टेक्नोलॉजी में राज्य की अग्रणी स्थिति को प्रभावित नहीं होने देना चाहिए। इस बात का ध्यान रखा ही जाना चाहिए कि उच्च स्तरीय कुशल कर्मचारियों की नियुक्तियाँ इस नीति से मुक्त रहें।" किरण मजूमदार शाह की सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुये, राज्य के आई.टी. मन्त्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक को लाने वाला श्रम विभाग है तथा इसे अभी इन्डस्ट्री एवं ट्रेड बॉडीज के समक्ष विचारार्थ रखा जाना है।

गहलोत सरकार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अच्छा तालमेल था और दोनों ने सुनिश्चित किया था कि दोनों में से किसी के पास भी सत्ता आए, वे एक-दूसरे के खिलाफ जांच-पड़ताल शुरू नहीं करेंगे।

यह एक सुविधाजनक प्रबन्धन था, जो दोनों को ही रास आया। राजस्थान के राजनीतिक हलकों में यह प्रश्न किया जा रहा है कि "क्या वैसा ही फिर से हो रहा है? अन्यथा, फोन टैपिंग मुद्दे पर सी.बी.आई. जांच क्यों नहीं।"

योगी और...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकार में बड़ा कौन मुद्दा गरमाने के बाद भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से अलग-अलग मुलाकात की, जिससे राज्य के नेतृत्व को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। सूत्रों के अनुसार चौधरी ने केंद्रीय नेतृत्व को राज्य में होने वाले उपचुनाव की तैयारियों और संगठन-सरकार के बीच चल रही तनातनी को लेकर रिपोर्ट सौंपी है। चौधरी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद शाह से भेंट की। नड्डा ने कल चौधरी को सरकार और संगठन के मनमुटाव की चर्चाओं को रोकने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के मुकाबले कम सीटें पाने के बाद प्रदेश के नेतृत्व को लेकर भाजपा के भीतर अलग-अलग आवाजें उठ रही हैं।

भाजपा हाईकमान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक बैठक के दौरान उपमुख्यमंक्षी मौर्य की एक टिप्पणी से भी इस बात को बल मिला है। मौर्य ने कहा, "सरकार की अपेक्षा संगठन बड़ा है। संगठन से बड़ा कोई भी नहीं है।" मौर्य की इस टिप्पणी को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ पर परोक्ष रुप से प्रहार के रुप में व्यापक रुप से देखा जा रहा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश ने तुरंत इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार में अन्तर्कलह का खामियाज़ा पूरा प्रदेश भुगत रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि "भाजपा के नेता आपस में लड़ रहे हैं। लोगों को भ्रष्टाचार के बारे में पता है और गद्दी की लड़ाई के खेल से तंग आ चुके हैं।" तथापि, भाजपा ने अन्तर्कलह की खबरों को खारिज किया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए मौर्य ने आज दोपहर को ट्वीट किया कि भाजपा की सरकारें व संगठन देश एवं प्रदेश में मजबूत हैं।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि "उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के गुंडों के राज की वापसी असंभव है। भाजपा 2027 में प्रदेश में होने वाले चुनावों में 2017 के प्रदर्शन को पुनः दोहराएगी।" महत्वपूर्ण बात यह है कि मौर्य वर्ष 2017 में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष थे और भाजपा की उस चुनाव में शानदार जीत हुई थी।

भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में एक सशक्त टिप्पणी में आदित्यनाथ ने कहा था कि लोकसभा चुनावों में पार्टी को "अति आत्मविश्वास" की कीमत चुकानी पड़ी है। आदित्यनाथ ने यह भी कहा था कि "वर्ष 2014 के चुनावों में वोटों का प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था और बाद के चुनाव में भी था तथा 2024 के चुनावों में भी भाजपा उसी तादाद में वोट प्राप्त करने में सफल रही है परंतु वोटों के दूसरी तरफ जाने तथा अति आत्मविश्वास के कारण हमारी अपेक्षाओं को नुकसान पहुंचा है।" आदित्यनाथ ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे आगामी उपचुनावों की तैयारी में जुट जाएं।

प्र.मंत्री मोदी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बांसवाड़ा में घुसपैठियों को लेकर टिप्पणी की थी जिसमें देश की संपत्ति को बांटने का जिक्र था। याचिकाकर्ता जियाउर रहमान ने अपनी शिकायत में अदालत से इंडियन पीनल कोड की धारा 153ए (नफरत फैलाने वाला भाषण), 153बी, 295ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 503, 504 और 505(2) के तहत अपराध पर संज्ञान लेने या मामले को स्थानीय पुलिस द्वारा जांच के लिए सौंपने का अनुरोध किया था। रहमान ने अदालत के सामने दावा किया कि मोदी ने इस भाषण के दौरान देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश की है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो महिलाओं के मंगलसूत्र सहित भारतीयों की संपत्ति छीन ली जाएगी और इसे मुसलमानों में बांट दिया जाएगा। अदालत ने शिकायत को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह यह मामला जांच के लिए फिट नहीं बैठता है। मोदी ने कहा था, पहले जब इनकी सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है।

परिणाम घोषित...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित कर दिया। इसके बावजूद उसे अंक तालिका जारी नहीं की गई। याचिका में कहा गया कि बी.एस.सी.-बी.एड. के द्वितीय वर्ष में उसे कोविड के कारण उत्तीर्ण कर तृतीय वर्ष में प्रवेश दिया गया। याचिकाकर्ता ने तृतीय वर्ष की परीक्षा के बाद चतुर्थ वर्ष की परीक्षा भी पास कर ली, लेकिन उसे अब तक प्रथम वर्ष की अंकतालिका जारी नहीं की गई।

याचिकाकर्ता ने इस संबंध में निजी कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बार प्रतिवेदन दिए, लेकिन उन पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में विवि और कॉलेज को निर्देश दिए जाए कि वह याचिकाकर्ता की प्रथम वर्ष की अंकतालिका जारी करे। इस मामले में सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

'जो हमारे साथ, हम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वाला यह वर्ग तृणमूल के निशाने पर है, खासतौर पर मुसलमान ही इनका उत्पीड़न कर रहे हैं। दूसरी तरफ, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा ने जहां 18 सीटें जीती थीं, वहीं अब उसकी सीटों की संख्या घटकर 12 हो गई है, लेकिन सीटें कम होने के बावजूद भाजपा 38 प्रतिशत का बड़ा वोट शेयर प्राप्त करने में आश्चर्यजनक रूप से सफल रही। भाजपा अब बंगाल में तृणमूल से मुकाबला करने की अपनी रणनीति के तहत हिंदू वोटों को लामबंद करना चाहती है। चुनावों में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वह स्वयं को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है। तृणमूल का विपक्ष की सभी पार्टियों पर भारी हमला जारी है। इन पार्टियों के बीसियों कार्यकर्ताओं की नृशंस हत्याएं हुईं तथा उन्हें भयभीत किया गया है। सत्तारूढ़ पार्टी के हमलों को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास बनाए रखना और उनसे जमीनी स्तर पर काम करने की उम्मीद करना वास्तव में मुश्किल है। सत्तारूढ़ पार्टी और यहां तक कि राज्य पुलिस के इन हमलों के साए में ही, भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के सम्पर्क में हैं।

सुवेन्दु अधिकारी की टिप्पणी को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। जब लोग देखेंगे कि सत्तारूढ़ पार्टी के साथ रहना लाभकारी नहीं है, तभी वो भाजपा की तरफ आएंगे। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस जनता को मुफ्त उपहार और छोटी-मोटी छूट देती आई है। तथापि, बंगाल में किसी प्रकार का निवेश आकर्षित न कर पाने की बड़ी हकीकत को कभी सामने नहीं लाया गया।

यह तो स्वीकार करना ही होगा कि भाजपा का चुनाव प्रचार, बंगाल में निवेश की कमी, राज्य की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और यहां रोजगार के ताजा अवसर उपलब्ध करवाने के मूल तथ्यों को भुनाने में विफल रहा है। सुवेन्दु अधिकारी ने अकेले अपने दम पर ही सत्तारूढ़ तृणमूल के खिलाफ भाजपा के राजनीतिक अभियान को जीवित रखा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान और उसके बाद में बंगाल के कोने-कोने में पार्टी का प्रचार किया। अब, जबकि, सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ अभियान थोड़ा मंद पड़ता जा रहा है तो सुवेन्दु पार्टी के समर्थकों का मनोबल बनाए रखने और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा को अहम भूमिका में रखने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रहे हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908